{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
मंगलवार 13 जनवरी 2026
माघ कृष्ण 10 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 112
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | - | 83,878.17 |
| निफ्टी | - | 25,790.25 |
| सोना | - | 1,42,150 |
| चांदी | - | 2,70,000 |
| डॉलर | - | 90.14 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी ।**

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सोमवार को जांच के लिए दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें अस्पताल में रखा गया है, जहां उनका एमआरआई समेत जरूरी मेडिकल टेस्ट किए जाएंगे। बताया गया है कि पिछले हफ्ते उन्हें दो बार बेहोशी की समस्या हुई थी। 10 जनवरी को वॉशरूम जाने के दौरान भी उन्हें बेहोशी महसूस हुई थी। अधिकारियों के अनुसार, वह सोमवार को केवल रूटीन चेकअप के लिए एम्स गए थे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के लिए भर्ती होने पर जोर दिया। धनखड़ पहले भी कच्छ का रण, उत्तराखंड, केरल और दिल्ली में सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान बेहोश हो चुके हैं। उन्होंने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था।

### जय अनमोल अंबानी को नोटिस पर राहत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी ।**

दिल्ली हाईकोर्ट ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के बैंक खाते को धोखाधड़ी घोषित करने की प्रक्रिया से जुड़े मामले में टिप्पणी की है। कोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे और आरएचएफएल के निदेशक जय अनमोल अंबानी को जारी शो कॉज नोटिस पर तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह 10 दिनों के भीतर बैंक के समक्ष अपना पक्ष रखे। अदालत ने स्पष्ट किया कि बैंक द्वारा इस संबंध में लिया जाने वाला कोई भी परिणामी निर्णय इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश के अधीन रहेगा। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि वह शो कॉज नोटिस पर रोक नहीं लगाएगा और याचिकाकर्ता को नोटिस के जवाब में अपनी दलीलें रखने का अवसर दिया जाएगा। साथ ही रिट याचिका को लंबित रखा जाएगा और आगे के आदेश पर नजर रखी जाएगी।

### कैंप में आग, बीएसएफ जवान की मौत

**जम्मू,एजेंसी ।**

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सीमा सुरक्षा बल के एक कैंप की बिल्डिंग में आग लगने से एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृत जवान की पहचान कॉन्स्टेबल रमेश कुमार के रूप में हुई है। वह बीएसएफ में धोबी के पद पर तैनात थे। अधिकारियों के अनुसार, आग रविवार शाम बांदीपोरा के मोदर इलाके में स्थित बीएसएफ कैंप की एक मंजिला ट्रेड्समैन बिल्डिंग में लगी। आग पर दमकल विभाग और बीएसएफ जवानों की मदद से काबू पा लिया गया।

### कुछ ना कहना




### अमेरिका के नए राजदूत बोले- ट्रेड डील पूरी करना आसान नहीं, इंडिया आ सकते हैं डोनाल्ड ट्रंप...

# भारत से ज्यादा जरूरी कोई पार्टनर नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी ।**

भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर की तरफ से भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर बड़ा बयान दिया गया है। उन्होंने सोमवार को मीडिया से कहा कि दोनों पक्ष एक्टिव रूप से बातचीत कर रहे हैं। ट्रेड डील पर अगली कॉल मंगलवार को होगी। भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। इसलिए इसे पूरा करना आसान काम नहीं है, लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए पक्के इरादे से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने मुझसे चल रही ट्रेड डील बातचीत पर अपडेट मांगा है। ट्रेड हमारे रिश्तों के लिए बहुत जरूरी है, हम सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी, एनर्जी, टेक्नोलॉजी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे दूसरे बहुत जरूरी क्षेत्रों में भी मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत आ सकते हैं।

उन्होंने कूटनीतिक गहराई पर बात करते हुए कहा कि अमेरिका और भारत न केवल साझा हितों से बंधे हैं, बल्कि इनके संबंध सर्वोच्च स्तर पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि असली दोस्तों के बीच आपस में असहमति होती रहती है, लेकिन वे हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं। गोर ने भारतीय लोगों की लचीली क्षमता, नवाचार और आध्यात्मिकता की सराहना की और पूरे देश की यात्रा करने की इच्छा जताई। राजदूत गोर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर अगली बातचीत कल होगी। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का संदेश साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनका खास दोस्त बताया।



#### ट्रेड डील और कूटनीति का नया पैमाना

लंबे वक्त से इंतजार की जा रही ट्रेड डील पर अपडेट देते हुए राजदूत ने कहा कि दोनों पक्ष सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि कल इस पर अगली महत्वपूर्ण कॉल होगी। सर्जियो गोर ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप से बात की थी। उन्होंने ट्रंप और पीएम मोदी की दोस्ती का जिक्र किया। गोर ने कहा कि 2013 के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। उन्होंने बताया कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने हजारों संघीय नियुक्तियों की जिम्मेदारी संभाली थी।

#### पॉक्स सिलिका में शामिल होगा भारत...

सर्जियो ने आधिकारिक तौर पर ऐलान किया कि भारत अगले महीने पॉक्स सिलिका पहल में एक पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होगा। यह अमेरिका के नेतृत्व वाली एक रणनीतिक पहल है, जिसका मकसद खनिज पदार्थों, सेमीकंडक्टर, एआई विकास और उन्नत मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक सुरक्षित सिलिकॉन सप्लाई चेन बनाना है। सर्जियो गोर के मुताबिक, दोनों देशों के बीच व्यापार के अलावा सुरक्षा, आतंकवाद विरोध, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे सेक्टर्स में भी सहयोग जारी रहेगा। उन्होंने इस साझेदारी को इस सदी की सबसे परिणामी वैश्विक भागीदारी बनाने का संकल्प जताया है। राजदूत सर्जियो गोर ने पॉक्स सिलिका को एक वैश्विक इनोवेशन-ड्रिवन सप्लाई चेन बताया। यह पहल महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा इनपुट, सेमीकंडक्टर्स और लॉजिस्टिक्स को जोड़ती है। पिछले महीने जापान, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम और इजरायल इसमें शामिल हुए थे। अब भारत को अगले महीने पूर्ण सदस्य के रूप में बुलाया गया है। गोर के मुताबिक, नई तकनीक को अपनाने के साथ भारत और अमेरिका का मिलकर काम करना अनिवार्य है।

## इसरो का पीएसएलवी-सी62 रॉकेट रास्ते से भटका, मिशन फेल

### तीसरी स्टेज में गड़बड़ी आई; अन्वेषा सहित 16 सैटेलाइट लेकर गया था

**श्रीहरिकोटा, एजेंसी ।**

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) का साल 2026 का पहला मिशन पीएसएलवी-सी62 फेल हो गया है। रॉकेट सोमवार सुबह 10.18 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से 16 सैटेलाइट लेकर उड़ा था। इसरो चीफ डॉ. वी नारायणन ने कहा कि रॉकेट लॉन्चिंग के तीसरे चरण में गड़बड़ी आ गई, जिसके कारण वह रास्ता भटक गया।



ईओएस-एन1 (अन्वेषा) और 14 सैटेलाइट्स को 512 किलोमीटर की ऊंचाई पर सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट (एसएसओ) में स्थापित किया जाना था। इसके बाद रॉकेट के चौथे हिस्से (पीएस4 स्टेज) को दोबारा चालू किया जाना था ताकि उसकी रफ्तार कम की जा सके और इसे वापस धरती की ओर मोड़ा जा सके। फिर किड कैप्सूल इससे अलग हो जाता। 8 महीने पहले, 18 मई 2025 को इसरो का पीएसएलवी-सी61 मिशन भी तकनीकी खराबी के कारण तीसरी स्टेज में ही फेल हुआ था। इस मिशन में ईओएस-09 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट को 524 किमी की सन-सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में स्थापित किया जाना था।

#### रास्ता भटकने से रॉकेट नहीं पकड़ सका जरूरी रफ्तार

पीएसएलवी-सी62 / ईओएस-एन1 मिशन का कुल प्लान्ड फ्लाइट प्रोफाइल किड कैप्सूल सेपरेशन तक लगभग 6485.14 सेकंड (यानी 1 घंटा 48 मिनट 5 सेकंड) का था। गड़बड़ी पीएस3 स्टेज के अंत में लगभग 494 सेकंड के आसपास हुई थी। इसरो के आधिकारिक बयान के अनुसार, पीएस3 स्टेज के अंतिम चरण में अनएक्सपेक्टेड डिस्टर्बेंस और फ्लाइट पाथ में डेविएशन आया, जिससे रॉकेट आवश्यक स्पीड और ट्रैजेक्टरी हासिल नहीं कर पाया।

## ट्रंप ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया

### सोशल मीडिया पर पोस्ट किया; जनवरी 2026 से पद संभालने का जिक्र

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का एक्टिंग प्रेसिडेंट बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट की है। इसमें ट्रम्प की तस्वीर के साथ एक्टिंग प्रेसिडेंट ऑफ वेनेजुएला ( वेनेजुएला का अंतरिम राष्ट्रपति) लिखा है। पोस्ट में जनवरी 2026 से पद संभालने का जिक्र है।

इसके अलावा ट्रम्प ने खुद को अमेरिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति के तौर पर भी दिखाया है। पोस्ट को लेकर व्हाइट हाउस या अमेरिकी प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया है। इससे पहले 2 जनवरी को अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेकर न्यूयॉर्क लाया गया।

#### वेनेजुएला का प्रशासन अमेरिका ही चलाएगा

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेनेजुएला का प्रशासन अमेरिका ही चलाएगा। यह तक चलेगा, जब तक वहां सुरक्षित सत्ता परिवर्तन नहीं हो जाता। ट्रम्प का कहना है कि वे यह जोखिम नहीं चाहते कि कोई ऐसा व्यक्ति सत्ता में आए जो वेनेजुएला के लोगों के हितों का ध्यान न रखे। मादुरो के सत्ता से हटने के बाद




वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति और रोड्रिग्ज को पिछले सप्ताह देश की अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई थी। ट्रम्प के मुताबिक, अंतरिम सरकार अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल उच्च गुणवत्ता वाला, प्रतिबंधित तेल सौंपेगी, जिसे बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि तेल बिक्री से मिलने वाली राशि अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में उनके नियंत्रण में रहेगी, ताकि इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के हित में किया जा सके। उन्होंने ऊर्जा सचिव क्रिस राइट को इस योजना को तुरंत लागू करने के निर्देश देने की बात भी कही है।

#### अमेरिका तय करेगा कौन सी कंपनियां वेनेजुएला जाएंगी

ट्रम्प ने एक्सॉन मोबिल, कोनोकोफिलिप्स, शेवरॉन जैसी बड़ी अमेरिकी कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अमेरिका तय करेगा कि कौन सी कंपनियां वेनेजुएला में जाएंगी और निवेश करेंगी। शेवरॉन के वाइस चेयरमैन मार्क नेल्सन ने कहा कि उनकी कंपनी वेनेजुएला में निवेश के लिए प्रतिबद्ध है और वह अभी भी वहां काम कर रही है। कई छोटी कंपनियां और निवेशक भी बैठक में शामिल हुए, जिन्होंने ट्रम्प की नीतियों की सराहना की और निवेश की इच्छा जताई।

#### अमेरिकी हमले में वेनेजुएला के 100 सैनिकों की मौत हुई थी

व्हाइट हाउस की ओर से इस बात पर कोई रिस्पांस नहीं दिया गया कि प्रेस सेक्रेटरी की तरफ से शेयर इस पोस्ट को सरकारी पुष्टि माना जाए या नहीं। वहीं, वेनेजुएला के गृह मंत्रालय ने कहा है कि 3 जनवरी को हुई इस कार्रवाई में करीब 100 सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई थी, हालांकि यह साफ नहीं है कि इनमें से कितनी मौतें इस सीक्रेट हथियार से हुईं थीं।

### चुनाव आयोग पर सीएम ममता के गंभीर आरोप, कहा...

## 20 वर्षों के वैधानिक सुधार की अनदेखी कर रहा आयोग

**कोलकाता, एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग अपने ही 20 वर्षों के वैधानिक सुधारों की अनदेखी कर रहा है, जिससे मतदाताओं को अपनी पहचान दोबारा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री ने इससे पहले भी एक अन्य पत्र में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के समक्ष कई गंभीर मुद्दे उठाए थे।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश



कुमार को सोमवार को एक और पत्र लिखा है। यह उनका पांचवां पत्र है। इसमें उन्होंने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया में हो रही गड़बडियों पर चिंता जताई है। ममता बनर्जी का दावा है कि 2002 की वोटर लिस्ट को डिजिटल बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया गया, जिससे गंभीर गलतियां हुई हैं। उनका कहना है कि इन तकनीकी खामियों की वजह से असली वोटरों को गलत तरीके से विसंगति वाली श्रेणी में डाल दिया गया है। इससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

#### आयोग पुरानी प्रक्रियाओं की अनदेखी कर रहा

मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह अपनी ही पुरानी प्रक्रियाओं की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में जो सुधार हुए थे, उन्हें दरकिनार कर वोटरों को फिर से अपनी पहचान साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने इसे मनमाना और संविधान की भावना के खिलाफ बताया।

#### सुनवाई प्रक्रिया पर सवाल

बनर्जी ने यह भी कहा कि एसआईआर के दौरान जमा किए गए दस्तावेजों की कोई रसीद नहीं दी जा रही है। उन्होंने सुनवाई प्रक्रिया को पूरी तरह मशीनी और संवेदनहीन बताया। उनका कहना है कि यह प्रक्रिया मानवीय संवेदनाओं से खाली है और लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रही है।

## एक्टर थलपति विजय की फिल्म जन नायकन का सेंसर विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

### पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट देने निर्देश दिए थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

साउथ सुपरस्टार थलपति विजय की फिल्म जन नायकन सुर्खियों में है। यह फिल्म उनके करियर का आखिरी बड़ा प्रोजेक्ट मानी जा रही है, लेकिन इस बीच फिल्म को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। फिल्म की रिलीज पहले ही कई बार टल चुकी है और अब मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए थे।

कोर्ट ने साफ किया था कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के चेयरपर्सन का फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजने का अधिकार अवैध था। कोर्ट के मुताबिक जब चेयरपर्सन ने सिफारिश की थी कि सर्टिफिकेट कट के बाद जारी किया जाएगा, तब उनका यह अधिकार स्वत: समाप्त हो गया था। इसके बाद निर्माताओं ने सर्टिफिकेट तुरंत जारी करने की मांग के साथ कोर्ट का रुख किया था।

हालांकि अब मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में इस चुनौती के पीछे मुख्य दलील यह है कि फिल्म को रिलीज करने से पहले सभी प्रक्रियाओं का पालन करना जरुरी है और किसी भी तरह के सर्टिफिकेट जारी करने या रोकने के फैसले पर समीक्षा की संभावना बनी रहनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई के लिए तारीख तय नहीं की है, लेकिन इस कदम ने फिल्म के रिलीज को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है। जन नायकन फिल्म को केवीएन प्रोडक्शंस ने निर्मित किया है और इसका निर्देशन एच विनोथ ने किया है। फिल्म में थलपति विजय के साथ पूजा हेगड़े और ममिता बैजू प्रमुख भूमिका में हैं।

### इंस्टाग्राम के 17.5 मिलियन यूजर्स के अकाउंट्स लीक!

नई दिल्ली। इंस्टाग्राम के 17.5 मिलियन यूजर्स के अकाउंट्स के संभावित लीक की खबर ने यूजर्स को चिंता में डाल दिया है। हालांकि कंपनी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर यूजर्स को राहत दी है। इंस्टाग्राम ने साफ किया कि तकनीकी खामी को ठीक कर लिया गया है, जिसके कारण कई यूजर्स को पासवर्ड रीसेट ईमेल भेजे गए थे। कंपनी ने यह भी कहा कि इस घटना में कोई सेंध इंस्टाग्राम के कोर सिस्टम में नहीं लगी और सभी अकाउंट सुरक्षित हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने कहा कि हमने वह समस्या ठीक कर दी है, जिससे एक बाहरी पार्टी कुछ यूजर्स के लिए पासवर्ड रीसेट रिक्वेस्ट भेज रही थी।

## एससी/एसटी आरक्षण क्रीमी लेयर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को जारी किया नोटिस

### आरक्षण व्यवस्था में क्रीमी लेयर लागू करने जनहित याचिका पर सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी।

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षण व्यवस्था में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग से जुड़ी एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में सभी पक्षों से जवाब तलब करते हुए कहा है कि वह याचिका में उठाए गए संवैधानिक और सामाजिक पहलुओं पर विचार करेगी।

यह जनहित याचिका अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में उन लोगों तक पहुंचना चाहिए, जो आज भी सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि एससी/एसटी वर्ग के कुछ परिवार अब सरकारी सेवाओं, प्रशासनिक पदों और संवैधानिक पदों में प्रतिनिधित्व हासिल कर चुके हैं और वे सामाजिक रूप से सशक्त हो गए हैं। ऐसे में उनके बच्चों को आरक्षण का लाभ मिलते रहना समानता के अधिकार के विपरीत है। याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की है कि जिन एससी/एसटी परिवारों में माता-पिता या अभिभावक केंद्र या राज्य सरकार की ग्रुप-ए या ग्रुप-बी सेवाओं में कार्यरत हैं, या जो संवैधानिक पदों पर रहे हैं, उनके बच्चों को आरक्षण के दायरे से बाहर किया जाए। याचिकाकर्ता के अनुसार, इससे आरक्षण का लाभ उन परिवारों तक पहुंचेगा, जो अब भी हाशिये पर हैं और जिन्हें इसकी वास्तविक जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह दलील दी गई कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए पहले से ही 'क्रीमी लेयर' का सिद्धांत लागू है, ताकि संपन्न वर्ग आरक्षण का अनुचित लाभ न उठा सके। ऐसे में समानता के संवैधानिक सिद्धांत के तहत एससी/एसटी आरक्षण में भी इस व्यवस्था पर विचार किया जाना चाहिए। हालांकि, इससे पहले कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट यह स्पष्ट कर चुका है कि एससी/एसटी आरक्षण का आधार ऐतिहासिक सामाजिक भेदभाव और छुआछूत रहा है, न कि केवल आर्थिक पिछड़ापन।

## आजीवन प्रतिरक्षा देने वाले बिल पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग से मांगा जबाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक, 2023 के एक महत्वपूर्ण प्रावधान को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर गंभीर संवैधानिक चिंता व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में तर्क दिया गया है कि नया कानून मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) को उनके आधिकारिक कर्तव्यों के दौरान किए गए कार्यों के लिए किसी भी दीवानी या आपराधिक कार्यवाही से अभूतपूर्व, आजीवन प्रतिरक्षा देता है। याचिकाकर्ता के अनुसार, विधेयक में निहित प्रतिरक्षा प्रावधान संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन कर जवाबदेही के सिद्धांत को कमजोर करता है।



याचिकाकर्ता के वकील ने सुनवाई के दौरान तर्क दिया, विधेयक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग को ऐसी अभूतपूर्व प्रतिरक्षा प्रदान नहीं दे सकता, जो संविधान निर्माताओं ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी। संसद ऐसी उच्च प्रतिरक्षा प्रदान नहीं देती, जो संविधान निर्माताओं ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों को नहीं दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने उठाई गई चिंताओं पर ध्यान देकर संकेत दिया कि इस मुद्दे पर गहन न्यायिक जांच की आवश्यकता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हम नोटिस जारी कर रहे हैं। पीठ ने केंद्र और चुनाव आयोग दोनों से जवाब मांगा है।

# राम नहीं, गोडसे के नाम पर योजनाएं हैं, भाजपा पर तीखे सवाल

## इंदिरा ज्योति अभियान के प्रभारी की प्रेस वार्ता

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**सम्यक अभियान के तहत संचालित इंदिरा ज्योति अभियान को लेकर स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता उस समय विवादों में आ गई, जब वार्ता के दौरान अव्यवस्था की स्थिति बन गई। कांग्रेस पदाधिकारियों की उपस्थिति में अभियान संयोजक गुरुदेव भास्कर रोकड़े द्वारा ली जा रही पत्रकार वार्ता के अंतिम चरण में पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा के आगमन पर अधिकांश कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता वार्ता बीच में छोड़कर बाहर निकल गए ढोल नगाड़े बजाने लगे, जिससे पत्रकार वार्ता बाधित हो गई। इस पर उपस्थित मीडिया कर्मियों ने नाराजगी जताई, बाद में आयोजकों ने पत्रकारों से क्षमा याचना की। इसके पश्चात पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा ने मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने देश की वर्तमान स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही हैं और यदि समय रहते हालात नहीं सुधरे तो आने वाले समय में गंभीर परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।**



अभियान के पदाधिकारी गुरुदेव भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि 12 जुलाई 2024 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किए जाने की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद देशभर में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के विरुद्ध मनगढ़ंत दुष्प्रचार की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि सम्यक अभियान की प्रेरणास्रोत इंदिरा गांधी हैं, जो आज हमारे बीच भले ही भौतिक रूप से उपस्थित न हों, लेकिन अपने कार्यों, विचारों और क्रांतिकारी निर्णयों के माध्यम से सदैव जीवंत हैं। श्री रोकड़े ने कहा कि इंदिरा गांधी के विरुद्ध चलाए जा रहे दुष्प्रचार को चुपचाप सहन करना उचित नहीं था। इसी कारण दिल्ली, मुंबई, भोपाल, नागपुर, जयपुर और लखनऊ में पत्रकार वार्ताओं का आयोजन कर मीडिया के माध्यम से इंदिरा जी के योगदान, विचारधारा और ऐतिहासिक निर्णयों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य प्रारंभ किया गया हैं । उन्होंने बताया कि 19 नवंबर 2024 को ग्वालियर में इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए बड़े सामाजिक परिवर्तन के उद्देश्य से चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। महात्मा गांधी की रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से रामराज्य की ओर अभियान का भी शुभारंभ किया गया। श्री रोकड़े ने जानकारी दी कि चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में संचालित किया जा रहा है। अभियान के सुचारू संचालन हेतु मध्यप्रदेश को 6 प्रांतों, छत्तीसगढ़ को 3 प्रांतों तथा राजस्थान को 6 प्रांतों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ने 6 जनवरी 1921 को छिंदवाड़ा के चिटनिस गंज से असहयोग आंदोलन की शुरुआत की थी। उसी ऐतिहासिक स्थल से सम्यक अभियान के अंतर्गत 6 जनवरी 2026 को इंदिरा ज्योति यात्रा का शुभारंभ किया गया। महाकौशल जोन में यह यात्रा छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, डिंडोरी और मंडला होते हुए 12 जनवरी को बालाघाट पहुँची है, जहाँ से यह आगे सिवनी पहुँचेगी। यात्रा के दौरान सभी जिला मुख्यालयों में इंदिरा ज्योति समारोह आयोजित किए जा रहे हैं।

### राम नहीं, नाथूराम गोडसे के नाम पर हैं योजना

पी.सी. शर्मा ने कहा कि आज भाजपा के मंत्री न केवल आम जनता बल्कि मीडिया के साथ भी अभद्र व्यवहार कर रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इंदिरा ज्योति अभियान का उद्देश्य स्व. इंदिरा गांधी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना और देश में सच्चे अर्थों में रामराज्य की स्थापना करना है। मंत्री प्रहलाद पटेल के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस को राम के नाम से चल रही योजना से परेशानी है, पूर्व मंत्री शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि यह योजना भगवान राम के नाम पर नहीं बल्कि नाथूराम गोडसे के नाम से चलाई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना के नाम में राम शब्द को अंत में जोड़कर केवल भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि महात्मा गांधी स्वयं राम नाम का जाप करते थे। शर्मा ने कहा कि भाजपा ने राम के नाम को पीछे धकेलने का काम किया है।

### भाजपा पहले अपने अधूरे वादे पूरे करे

नवाचार को लेकर भाजपा मंत्रियों द्वारा दिए जा रहे बयानों पर भी पी.सी. शर्मा ने सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को नवाचार से डराने की बात करने वाली भाजपा को पहले अपने पुराने वादे पूरे करने चाहिए। उन्होंने काला धन वापस लाने, बेरोजगारों को रोजगार देने और युवाओं के लिए योजनाएं लागू करने जैसे कई वादों का जिक्र करते हुए कहा कि ये सभी आज भी अधूरे हैं।

### पड़ोसी देश दिखा रहे आंख, नेतृत्व पर उठाए सवाल

पूर्व मंत्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान नेतृत्व उस स्तर का नहीं है जैसा नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश को दिया था। उन्होंने दावा किया कि आज भारत के पड़ोसी देश भारत को आंख दिखा रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर साबित हो रहे हैं। शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने कभी अमेरिका जैसी ताकतों के सामने भी झुकने का काम नहीं किया था।

### भाजपा में गए नेताओं के हाथों में कुछ नहीं

बालाघाट कांग्रेस संगठन को लेकर बोलते हुए पी.सी. शर्मा ने कहा कि संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस को फिर से मजबूत किया जाएगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार में भी वास्तव में केवल दो बड़े नेता ही पार्टी और सरकार चला रहे हैं, जबकि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए कई नेताओं और मंत्रियों के हाथों में आज कुछ भी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि ऐसे नेताओं को भाजपा में कोई महत्व नहीं दिया जा रहा।

# वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य श्री के. एल. हिवारे के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम प्रभारी श्री आर. के. पांडेय के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ की गई। युवा उत्सव के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच प्रमुख रहीं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रनिर्माण, आत्मविकास एवं स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री के. एल. हिवारे, कार्यक्रम प्रभारी श्री आर. के. पांडेय, डॉ. अब्दुस शमीम, डॉ. उमेश सिंह कुशवाहा, नीरज सिंह ठाकुर, अमर सिंह गोंड, वीरेंद्र कुमार पटले, डॉ. अशोक कुमार टेम्भुर्ने, डॉ. विवेक खरगाल, डॉ. मनीष डोंगरे, श्रीमती पूनम गुप्ता, शालिनी मेश्राम सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ

**न्यायालय तहसीलदार तहसील किरनापुर , जिला बालाघाट**

**रा.प्र.क्र./___/ड-154/वर्ष 2025-26**
**साकिन सिंगोड़ी प.ह.न. 08**
**रा.नि.म. रजेगांव तहसील किरनापुर**

**<u>इश्तेहार</u>**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकिशोर पिता दसरू जाति मरार निवासी ग्राम सिंगोड़ी तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. के द्वारा अपने दादी तरासनबाई पति नत्थु की मृत्यु दिनाक 08/03/2000 को हुई किन्तु जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय सिंगोड़ी मे जानकारी के अभाव मे दर्ज नहीं कराये जाने के कारण जन्म/मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति मिलने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। अतः उक्त के संबंध मे हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनाक 12 /01/2026 को या तो स्वयं किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करे। नियत दिनाक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

**तहसीलदार**
**तहसील किरनापुर**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील किरनापुर जिला बालाघाट (म.प्र.)**

**रा.प्र.क्र./___/ड-154/वर्ष 2025-26**
**साकिन सिंगोड़ी प.ह.न. 08**
**रा.नि.म. रजेगांव तहसील किरनापुर**

**<u>इश्तेहार</u>**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पेंढारीलाल पिता फत्तुलाल जाति मरार निवासी ग्राम सिंगोड़ी तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. के द्वारा अपने पिता फततुलाल पिता गोगू की मृत्यु दिनाक 05/07/1997 को हुई किन्तु जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय सिंगोड़ी मे जानकारी के अभाव मे दर्ज नहीं कराये जाने के कारण जन्म/मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति मिलने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। अतः उक्त के संबंध मे हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनाक 12 /01/2026 को या तो स्वयं किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करे। नियत दिनाक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

**तहसीलदार**
**तहसील किरनापुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार किरनापुर, जिला बालाघाट म.प्र.**

**रा.प्र.क्र./0037/-154( 1 )/ वर्ष 2025-26**
**साकिनः मराठा बूढी**
**प.ह.नं. 23, रा.नि.म. माटे**
**तहसील किरनापुर**

**<u>समाचार पत्र प्रकाशन</u>**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीप्रसाद पिता सुरजलाल जाति पंवार निवासी ग्राम मराठाबूढी तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र द्वारा अपने माताजी रामबत्तीबाई बिसेन की मृत्यु दिनांक 13/11/2024 को मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।अतः उक्त के संबंध में हिट रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है. कि वे निश्चित दिनांक 12/01/2026 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेंगा। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।आज दिनांक 26/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार किरनापुर**

# बकरी के सब्जी खाने के विवाद पर भतीजी ने चाचा को सिर में लाठी मार कर किया घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** वारासिवनी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम लेन्डेझरी में एक वृद्ध को उसी के भतीजे ने सिर में लाठी मार कर घायल कर दिया। 12 जनवरी को यह घटना सब्जी को बकरी खाने के विवाद को लेकर हुई। घायल वृद्ध लक्ष्मण पिता कोदु सिरसाठे 70 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मण सिरसाठे अपने परिवार के साथ खेती किसानी के अलावा वह सब्जी बेचने का भी धंधा करता है। जिसके पड़ोस में ही उसका भतीजा अमीरचंद सिरसाठे अपने परिवार के साथ में रहते है और वह अपने घर में एक दर्जन



से अधिक बकरी पाला हुआ है। बताया गया है कि लक्ष्मण सिरसाठे और उसके भतीजे अमीर चंद सिरसाठे के बीच घरेलू बातों को लेकर बोलचाल बंद है। 12 जनवरी को 12:00 बजे करीब लक्ष्मण सिरसाठे अपने परिवार के साथ घर की पीछे था और घर के छप्पर में सब्जी रखी हुई थी तभी अमीरचंद सिरसाठे ने बकरी चरने छोड़ी थी बकरी ने लक्ष्मण सिरसाठे के छप्पर में जाकर वहां रखी सब्जी खाने लगी थी। लक्ष्मण सिरसाठे ने बकरी को भगाया तभी उसके भतीजे अमीरचंद सिरसाठे ने उसे बकरी भगाते हुए देखा और बोला कि तुमने मेरी बकरी को मारे हो कहकर वह लक्ष्मण सिरसाठे से विवाद करने लगा था। अमीरचंद सिरसाठे ने आवेश में आकर अपने चाचा लक्ष्मण सिरसाठे अश्लील गालियां देते हुए उसके सिर में लाठी का वार कर दिया। लाठी का वार लगने से लक्ष्मण सिरसाठे वहीं गिर गये। बीच बचाव के बाद लक्ष्मण सिरसाठे को वारासिवनी के सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। इस मामले की जांच वारासिवनी पुलिस द्वारा की जा रही है।

# गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी इंटरनेशनल प्रतियोगिता में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

## ओपन नेशनल कराते चैंपियनशिप सम्पन्न

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर के एक लान में आयोजित 2 दिवसीय ओपन नेशनल कराते चैंपियनशिप का सोमवार को फाईनल फाइट के साथ समापन किया गया।बताया गया कि गुरुकुल कराते अकादमी द्वारा यूनाइटेड शोतोकान कराते एसोसिएशन इंडिया (यूएसके इंडिया) के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 11 एवं 12 जनवरी को आयोजित की गई, जिसमें देश के सात राज्यों से आए 375 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।जहा समापन अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती को भी स्मरण किया गया। अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों—युवा शक्ति, अनुशासन और आत्मविश्वास—को खेलों से जोड़ते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में सहायक होते हैं।कार्यक्रम के अंत में आकाश झा ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं आयोजन से जुड़े प्रत्येक सहयोगी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को बालाघाट में कराने की प्रतिबद्धता दोहराई।समापन समारोह में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन,, वरिष्ठ समाजसेवी व उद्योगपति किरण भाई त्रिवेदी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे पुर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा गर्जेन्द्र भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्ता हितेश अजीत, सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए बालाघाट सहित अन्य राज्यों से आए खिलाड़ियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की।



### इन्होंने पाए मैडल

इस प्रतियोगिता में बालाघाट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में माही खोब्रागड़े, आरजु ढोमने, अर्पणा गुर्जर, आलया मेश्राम, अवनी श्रीरसाज, कुणाल कुथे, ऋषिका चांदेवार एवं हर्षिता रनगिरे शामिल हैं। इनके अलावा सैकड़ों खिलाड़ियों ने सिल्वर एवं ब्रॉन्ज सहित अन्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।आयोजकों के अनुसार, गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी आगामी 7 एवं 8 फरवरी 2026 को हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे,जो बालाघाट के लिए गौरव की बात है।

आयोजन सचिव एवं यूएसके मध्यप्रदेश प्रतिनिधि सेंसई आकाश झा ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं बिहार से आए खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं वजन वर्ग में काता और कुमिते स्पर्धाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य उभरते एवं आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना है।

# कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन घायल, वाहन चालक फरार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के रूपझर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिठली रोड पर हर्रानाला के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया है। तीनो घायल अजय पिता ताराचंद नागवंशी 47 वर्ष ग्राम भरवेली; दिलीप पिता फूलचंद सोनगड़े 45 वर्ष ग्राम घोडंगाटोला, थाना ग्रामीण बालाघाट तथा बबलू पिता हीरालाल उइके, ग्राम बम्हनी, थाना रूपझर निवासी है। जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय नागवंशी डीजे व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, जबकि दिलीप सोनगड़े और बबलू उइके उनके साथ कार्य करते हैं। 12 जनवरी को शाम लगभग 4:30 बजे तीनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर डीजे का ऑर्डर लेने बिठली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हर्रानाला और बिठली के बीच सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों मोटरसाइकिल समेत सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल बिठली के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। फिलहाल तीनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। घटना की जांच बिठली पुलिस द्वारा की जा रही है तथा फरार कार एम एच03 बी सी 2262 के चालक की तलाश की जा रही है।



**प्लाट बेचना है**
सरेखा बायपास हेल्थ केयर क्लिनिक के पास 2622 वर्गफुट 20 फिट चौड़ी डबल रोड गौमुखी प्लाट बेचना है
संपर्क-8319680132

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

### गायखुरी में सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** कोतवाली क्षेत्र में आने वाले ग्राम गायखुरी में सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति घायल हो गया ।घायल व्यक्ति मनोज पिता मेहतर मेश्राम 32 वर्ष गांव गांगुलई थाना ग्रामीण निवासी है जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज मेश्राम मछली मारने का धंधा करता है। दिन सोमवार 12 जनवरी को मनोज मेश्राम अपनी पत्नी जीरन बाई के साथ मोटरसाइकिल मैं अपने ससुराल मगरदर्रा गया था। 3ः00 बजे करीब मनोज मेश्राम अपनी पत्नी जीरन बाई के साथ मोटरसाइकिल में अपने ससुराल मगरदर्रा से अपने गांव गोंगलई लौट रहा था। तभी ग्राम गायखुरी सरदार पटेल कालेज के सामने पहुंचे ही थे कि एक मोटर साइकिल में सवार दो व्यक्ति तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चलाते हुए लाये और मनोज मेश्राम की मोटरसाइकिल को ठोस मार दिए। जिससे दोनों पति-पत्नी मोटरसाइकिल सहित गिर गए। इस दुर्घटना में मनोज मेश्राम घायल हो गया और उसकी पत्नी जीरन बाई को मामूली चोटे आई। दुर्घटना के दौरान वहां भीड़ लग गई थी। किसी व्यक्ति ने 108 एंबुलेंस को फोन किया था। 108 एंबुलेंस से घायल मनोज मेश्राम और उसकी पत्नी जीरन बाई को जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद मनोज मेश्राम को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया।



# जैन प्रीमियर लीग सीजन-3 रोमांच के चरम पर पहुँच रहा

## पद्मेश पैंथर्स, कलर्स एमपी 50, अरिहंत लायंस और डी आर राइडर्स ने मैच जीते

सिटी रिपोर्टर
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**स्थानीय उत्कर्ष विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित जैन प्रीमियर लीग ( जेपीएल ) सीजन-3 का शुभारंभ 9 जनवरी से होने के साथ ही क्रिकेट प्रेमियों को लगातार रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। टूर्नामेंट जैसे-जैसे अपने निर्णायक दौर की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मुकाबलों की संख्या के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा और उत्साह भी तेज होता जा रहा है। आयोजन समिति ने जानकारी दी है कि जैन प्रीमियर लीग सीजन-3 का समापन 16 जनवरी को किया जाएगा। तय समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए अब प्रतिदिन आयोजित किए जाने वाले मैचों की संख्या बढ़ाई जा रही है। अभी तक जहां रोजाना चार मुकाबले खेले जा रहे थे, वहीं आगामी दिनों में प्रतिदिन पांच मैच आयोजित करने की तैयारी की जा रही है, ताकि प्रतियोगिता का सफल और समयबद्ध समापन सुनिश्चित किया जा सके।**



11 जनवरी को भी क्रिकेट प्रेमियों को एक के बाद एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जो देर रात तक चले। इस दिन खेले गए मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार रहे, दिन का पहला मुकाबला अर्पण सुपर किंग्स बनाम कलर्स एमपी-50 के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए कलर्स एमपी-50 ने जीत दर्ज की। दूसरे मैच में वारासिवनी सुराना वॉरियर्स और पद्मेश पैंथर्स आमने-सामने रहे, जहां पद्मेश पैंथर्स ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। तीसरे मुकाबले में अरिहंत लायंस ने बिग बुल इलेवन को पराजित कर जीत हासिल की। रात्रि का चौथा और अंतिम मुकाबला केसर एग्रो जायंट्स और डी.आर. राइडर्स के बीच खेला गया, जिसमें डी.आर. राइडर्स ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए मैच जीत लिया। आयोजन समिति के अनुसार, टूर्नामेंट को लेकर दर्शकों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। देर रात तक चलने वाले मुकाबलों के बावजूद बड़ी संख्या में लोग मैदान पर पहुंचकर क्रिकेट का आनंद ले रहे हैं। जैसे-जैसे फाइनल मुकाबले नजदीक आते जा रहे हैं, वैसे-वैसे टूर्नामेंट का रोमांच और प्रतिस्पर्धा और भी अधिक बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कोलकाता, बैंगलुरू, बिलासपुर और सैफई इटावा को मिली जीत

## 51वीं ऑल इण्डिया स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट, प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गये चार मैच

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** नेहरू सपोर्टिंग क्लब और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में नगर के शहीद चन्द्रशेखर आजाद एस्टोटर्फ मैदान में आयोजित 51 वीं नारायणसिंह मेमोरियल ऑल इण्डिया स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन 12 जनवरी सोमवार को 4 मैच खेले गए । इसमें पहला मैच सुबह 11 बजे से एससीआर कोलकाता बनाम बिलासपुर एकेडमी के बीच खेला गया। इसमें कोलकाता की टीम ने अपनी कलाइयों का बेहतरीन जादू दिखाते हुए 5-3 गोल से मैच अपने नाम कर प्रतियोगिता के अगले चरण में प्रवेश किया।तो वहीं दूसरा मैच कैनरा बैंक बैंगलुरू बनाम सिवनी के मध्य खेला गया। इसमें बैंगलुरू टीम के खिलाडि?ों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये सिवनी को 7-3 गोल से पराजित कर, अगले चरण में प्रवेश किया।दिन का तीसरा मैच बिलासपुर रेल्वे बनाम आरेंज सिटी नागपुर के बीच खेला गया। ये मैच काफी रोमांचक हुआ और दोनों ही टीम निर्धारित समय तक 6-6 गोल से बराबरी पर रही। मैच में हार-जीत का फैसला पैनाल्टी शूट आउट से किया गया। इसमें बिलासपुर 11-9 गोल से विजयी हुई। सोमवार का अंतिम मैच सेफई इटावा बनाम राजनादगांव के बीच खेला गया। इसमें इटावा की टीम ने 7-0 गोल से एकतरफा जीत प्राप्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया।



टूर्नामेंट में निर्णायक के रूप में किशोर धीवर, इन्द्रपाल सिंह, राजेश निर्मलकर, राजकुमार झा, गुरप्रीतसिंह, अश्विनीकुमार, अभिनव मिश्रा शामिल है।

### आज इन टीमो के बीच होगा मुकाबला

टूर्नामेंट के तीसरे दिन 13 जनवरी मंगलवार को 4 मैच खेले जाएंगे। इसमें पहला मैच सुबह 11 बजे से एससीआर कोलकाता बनाम सैफई इटावा के बीच होगा, वही दूसरा मैच 12ः30 बजे से आरडबल्यूएफ बैंगलुरू बनाम इटारसी के बीच खेला जाएगा।इसी तरह दिन एक तीसरा मैच 2 बजे से रेड आर्मी दिल्ली बनाम सोनभद्रा के बीच खेला जाएगा।तो वही दोपहर 3ः30 बजे से चौथा मैच साउथ कमाडेंट बैंगलुरू बनाम डीएचए दुर्ग के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने खेल प्रेमी दर्शकों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

# दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दो मजदूर घायल

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** जिले के वारासिवनी थाना अंतर्गत रेंगाटोला से ग्राम दीनी रोड पर स्थित ग्राम ओझाटोला के पास सोमवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, दोनों घायल जिनमे शैलेंद्र पिता तेजलाल उइके 35 वर्ष ग्राम पिपरिया भांडी, और देवेंद्र पिता वेंकट वाहने 35 वर्ष, ग्राम रेंगाटोला, थाना वारासिवनी निवासी हैं।जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल शैलेंद्र उइके और देवेंद्र वाहने दोनों ही अपने-अपने परिवार के साथ मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। घटना 12 जनवरी को सुबह लगभग 10ः30 बजे की बताई जा रही है। शैलेंद्र उइके अपने गांव पिपरिया से मजदूरी करने के लिए ग्राम केरा जा रहे थे, जबकि देवेंद्र वाहने अपने गांव रेंगाटोला से मजदूरी के लिए ग्राम भांडी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम दीनी रोड पर ओझाटोला के पास दोनों की मोटरसाइकिलें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए जिला अस्पताल बालाघाट लेकर आये । जिला अस्पताल में दोनों को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। जिला अस्पताल पुलिस ने दोनों घायलों के बयान दर्ज कर लिए हैं तथा अग्रिम कार्रवाई के लिए घटना से संबंधित जानकारी थाना वारासिवनी भेज दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, इस दुर्घटना के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की आवश्यकता है।



# नगर में निशान भव्य शोभायात्रा निकालकर किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

## भगवान श्री खाटु श्याम मंदिर निर्माण का भूमिपूजन कल



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** करीब 3 वर्षों के इंतजार के बाद बालाघाट नगर में भगवान श्री खाटू श्याम के मंदिर का भव्य निर्माण होना है।जिसका भूमि पूजन 14 जनवरी को किया जाएगा। जिसमें श्री खाटू श्याम निज मंदिर पुजारी मानवेंद्र सिंह चौहान प्रमुख रूप की उपस्थित रहेंगे।उधर भूमि पूजन के पूर्व नगर में नया श्री राम मंदिर से एक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गो व चौक चिराहो का भृमण करते हुए सीधे श्री श्याम शरणम रेसीडेंसी भटेरा रोड पहुंचेगी। जहां पर भगवान के मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जाएगा। तो वही उसी दिन 14 जनवरी की शाम 7 बजे से पीजी कॉलेज के बाजू में बंगाली दुर्गा उत्सव मैदान में श्री खाटू श्याम कीर्तन का आयोजन होगा,जिसमें बालाघाट से सोनाली नागेश्वर, जयपुर से अभिषेक नामा, आयुष सोमानी और कटिहार से आदर्श दाधीच संगीतमय भजन कीर्तन प्रस्तुति देंगे,जिसकी तमाम जानकारी सोमवार को नगर के हनुमान चौक स्थित एक होटल में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान श्याम मित्र मंडल बालाघाट के पदाधिकारी द्वारा दी गई।

14 जनवरी के धार्मिक आयोजन को लेकर आयोजित वार्ता के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वैभव कश्यप, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, और प्रणव पटले ने सँयुक्त रूप से बताया कि करने वाला भी है,श्याम और कराने वाला भी है, श्याम उनकी कृपा से ही सारे अच्छे काम हो रहे है, और लोग सनातन की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने बताया कि विगत 36 महीनों से श्याम मित्र मंडली व श्याम महिला मित्र मंडली के द्वारा मासिक कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है जो कि सभी के सहयोग से संभव हो पा रहा है। इसी कड़ी में श्याम बाबा की कृपा से सुरेश सोनी ने अपने माता-पिता की स्मृति में श्याम बाबा मंदिर निर्माण के लिए भूमि का दान किया है, और इसी दान की भूमि पर मंदिर के लिए 14 जनवरी को भूमिपूजन किया जाएगा।

पदाधिकारियों ने बताया कि 14 जनवरी की सुबह दस बजे से नया श्रीराम मंदिर परिसर से निशान यात्रा निकाली जाएगी जो कि नगर का भ्रमण करने के बाद वापस कीर्तन स्थल पहुंचेगी। जिसके बाद दोपहर तीन बजे भटेरा रोड में श्री श्याम धाम के लिए भूमिपूजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मानवेन्द्र सिंह चौहान निज मंदिर पुजारी एवं मंत्री श्री खाटु धाम पहुंचेंगे। वहीं शाम के समय बंगाली दुर्गा उत्सव मैदान में श्री श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया है इस दौरान अर्चित नेमा, शिवबोध मिश्रा,अनुराग चतुरमोहता, संजय असाटी, संजय खंडेलवाल,योगेश मोर,बाबुलाल सोनी व श्याम मित्र मंडल के सदस्य्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स भवन की मांग, अर्जित अवकाश के पूर्ण प्रकरणों का निराकरण ना होने पर जताई नाराजगी

## सँयुक्त विभाग पेंशनर्स संघ का नववर्ष मिलन समारोह संपन्न
## बैठक का आयोजन कर विभिन्न मुद्दों पर की सह -विस्तार चर्चा

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** नववर्ष के साथ ही अब जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में नववर्ष मिलन समारोह की शुरुआत हो चुकी है।जहां विभिन्न संगठनों द्वारा जगह-जगह नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन कर एक दूसरे से मानवीय भेंट की जा रही है।वहीं नववर्ष मिलन समारोह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सँयुक्त विभाग पेंशनर्स संघ द्वारा सोमवार को नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया।नगर के मोती तालाब गार्डन में आयोजित इस मिलन समारोह की शुरूआत अतिथियों के आगमन के साथ की गई। जहां संघ के समस्त पदाधिकारी सदस्यों सहित अन्य बुजुर्गों ने सर्वप्रथम एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर नववर्ष पर्व की बधाई दी। इस दौरान सँयुक्त पेंशनर्स संघ के पदाधिकारी सदस्यों ने एक बैठक का आयोजन कर अब तक संघ द्वारा किए गए कार्यो का बखान करते हुए,मुख्यालय में पेंशनरों बैठक के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन, अर्जित अवकाश प्रकरण,वर्षो से लंबित विभिन्न मांगों सहित अन्य लंबित मांगो को लेकर संघर्ष जारी रखने की बात कही।



### इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

संयुक्त विभाग पेंशनर्स संघ के बैनर तले आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में पेंशनर्स ने मुख्यालय में आयोजित होने वाली बैठकों के लिए एक सर्व सुविधा युक्त भवन देने,केन्द्र सरकार के समान 7 प्रतिशत मंहगाई राहत दिए जाने,बकाया महंगाई राहत का एकमुश्त एरियर्स देने, म.प्र./छत्तीसगढ़ की धारा 49(6) अविलम्ब विलोपित करने, आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा का लाभ सभी पेंशनरों को देने, समस्त सेवानिवृत शिक्षकों के लंबित अर्जित अवकाश का प्रकरणों का पूर्ण निराकरण करने, सेवा निवृत पेंशनरों एक वेतन वृद्धि का लाभ देने सहित अन्य मांगों को लेकर सह विस्तार चर्चा की।

### बैठक भवन का मिला था आश्वासन- बीएल चौधरी

संयुक्त विभाग पेंशनर्स संघ जिला अध्यक्ष बीएल चौधरी ने चर्चा के दौरान बताया कि आज नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस नए वर्ष में सभी पेंशनर्स और उनके परिजन निरोगी काया और स्वस्थ रहे,इसकी मंगल कामनाए की गई है।इसके अलावा अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई है, जैसे पिछले 17 दिसंबर को हम लोगों ने पेंशनर्स दिवस मनाया था,उस समारोह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे,जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर उपस्थित थी। उनसे हमने पेंशनर्स भवन की मांग की थी, हमारी मांग है कि पेंशनर्स को बैठकों के लिए एक भवन दिया जाए ,क्योंकि किरनापुर को छोड़कर जिले में कहीं पर भी पेंशनर्स भवन नहीं है।उन्होंने हमारी यह बात मानी थी, भवन के लिए हमे आश्वासन भी दिया गया था हम चाहते हैं कि जिला मुख्यालय में बहुत सारे स्कूलों का समायोजन संदीपनी स्कूल में हो गया है जिससे कई स्कूल भवन खाली हो चुके हैं वहां पर हमारी बैठक की व्यवस्था की जाए,जहा न्यूज़ पेपर पढ़ने, थोड़ा आराम करने, बिजली, पानी की सुविधा हो, इस मांग को लेकर आज हम नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौप रहे हैं।इसके अलावा अर्जित अवकाश वाले प्रकरणों का पूर्ण निराकरण भी नहीं हो पाया है। वही अन्य मांगो पर भी चर्चा कर मांगो को पूरा कराने की रणनीति बनाई जा रही है।



# ऑटो-मोटरसाइकिल की टक्कर से दो महिलाओं सहित तीन घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के भरवेली थाना क्षेत्र अंतर्गत बैहर रोड स्थित मुंडी माई के पास सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक महिला राजेश्वरी पति राजेश कोहरे45 वर्ष और गंगा प्रसाद पिता खुशी लाल गाड़ेश्वर 36 वर्ष दोनो ग्राम अमेड़ा थानां भरवेली निवासी है। जिन्हें जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया है, जबकि एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगाप्रसाद गाड़ेश्वर अपनी पत्नी नमिता गाड़ेश्वर के साथ मजदूरी करते हैं और राजेश्वरी कोहरे भी मजदूरी करती है। तीनों प्रतिदिन मजदूरी के लिए कटिंगटोला, आंवलाझरी आते-जाते हैं। दिनांक 12 जनवरी को सुबह गंगाप्रसाद गाड़ेश्वर अपनी पत्नी नमिता गाड़ेश्वर एवं राजेश्वरी कोहरे के साथ मोटरसाइकिल से कटिंगटोला आंवलाझरी स्थित एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने पहुंचे थे। काम समाप्त करने के बाद दोपहर करीब 3ः30 बजे तीनों मोटरसाइकिल से अपने गांव अमेड़ा लौट रहे थे।इसी दौरान बैहर रोड भरवेली मुंडी माई के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक ऑटो ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के चलते तीनों मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। हादसे में गंगाप्रसाद गाड़ेश्वर और राजेश्वरी कोहरे को गंभीर चोटें आईं, जबकि नमिता गाड़ेश्वर को मामूली चोटें लगीं।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की सहायता से तीनों घायलों को जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल गंगाप्रसाद गाड़ेश्वर एवं राजेश्वरी कोहरे को जिला अस्पताल में भर्ती किया, वहीं नमिता गाड़ेश्वर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जिला अस्पताल पुलिस द्वारा राजेश्वरी कोहरे का बयान दर्ज कर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु संबंधित थाना भरवेली भेज दी गई है। दुर्घटना की जांच भरवेली पुलिस द्वारा की जा रही है।

# आस-पास की खबरें

## सांदीपनि स्कूल में युवा दिवस पर किया गया सामूहिक सूर्य नमस्कार

### स्वदेशी संकल्प दौड़ का हुआ आयोजन, लोगों को स्वदेशी सामग्री का उपयोग करने का दिया गया संदेश

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** स्वामी विवेकानंद जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर 12 जनवरी को नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनि स्कूल में प्रात: 9 बजे से सामूहिक सूर्य






नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाजसेवी गिरीश पाठक, भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, विधायक प्रतिनिधि सुमित स्वामी, श्रीमती अनिता अग्रवाल, बीईओं वायआर गजभिये, सांदीपनी स्कूल प्रभारी प्राचार्य सनत दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती, स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। निर्धारित कार्यक्रम के आधार पर रेडियों से प्रसारित निर्देशों के अनुसार प्रात: 9 बजे सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत, वन्दे मातरम व म.प्र. गान का गायन किया गया तत्पश्चात उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार के 12 आसन प्रणामासन, हस्तउत्तानासन, हस्तपादासन, अश्वसंचालासन, अधोमुखश्वासन, अष्टांगन नमस्कार, भुजंगासन, अधोमुखश्वासन, अश्वसंचालन, हस्तपादासन, हस्तउत्तानासन व प्रणामासन सहित अन्य प्राणायाम किये गये। जिसके बाद स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने दौड़ लगाकर लोगों को स्वदेशी सामग्री का उपयोग करने के संदेश दिये। वहीं सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों से कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत है एवं उनके विचारों को चरितार्थ करने के उद्देश्य से आज हम सभी योग दिवस मनाने के लिये उपस्थित हुए है और योग के माध्यम से हमें अनुभव व शांति प्राप्त होती है। जीवन में स्वस्थ रहना है तो योग जरूरी है इसलिए सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए। चर्चा में स्कूल प्राचार्य सनत दुबे ने बताया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया और छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन योग करने कहा गया है क्योंकि योग करने से शरीर का शारीरिक व मानसिक विकास होने के साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





***लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के 14 धान खरीदी केन्द्र में 8765 किसानों से 4,29,573 क्विं. 60 किग्रा. धान की हुई खरीदी***

# खरीदी केन्द्रों में किसानों की बढ़ने लगी भीड़ स्लॉट बुकिंग की आज अंतिम तिथि

### परिवहन हो रहा धीमी गति से, खुले आसमान के नीचे हजारों क्विंटल धान, भुगतान में आ रही समस्या, किसान परेशान, जिम्मेदार मौन

**पद्मेश न्यूज़। लालबर्रा।**

**लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के अंतर्गत 9 सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत 14 धान खरीदी केन्द्रों में गत 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है। वहीं सोमवार तक 14 धान खरीदी केन्द्रों में 8765 किसानों से 4,29,573 क्विंटल 60 किग्रा. धान की खरीदी की गई है एवं समर्थन मूल्य में धान खरीदी की अंतिम तिथि 20 जनवरी है। जिसे महज 8 दिन शेष बचे है इसलिए धान खरीदी में तेजी आ आई है और बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज विक्रय करने पहुंच रहे है। वहीं समर्थन मूल्य में उपज विक्रय हेतु स्लाट बुकिंग करने की 13 जनवरी अंतिम तिथि है। अगर जो किसान उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग नही करवाये है वे आज खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर स्लॉट बुकिंग करवा सकते है। अगर नही करवायेगें तो समर्थन मूल्य के लाभ से वंचित हो सकते है। वहीं 14 धान खरीदी केन्द्रों में करीब डेढ़ माह से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है किन्तु परिवहन धीमी गति से होने के कारण कई खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्था न होने एवं खरीदी गई धानों का परिवहन समय पर नही होने के कारण समिति प्रबंधकों एवं किसानों को उपज विक्रय करने एवं खरीदी प्रभारियों को खरीदी करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही परिवहन की धीमी गति के कारण खरीदी केन्द्रों में हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है। अगर बारिश होती है तो धान गीली हो सकती है जिससे शासन को लाखों रूपये का नुकसान हो सकता है। वहीं परिवहन नही होने से किसानों के खातों में भुगतान भी नही आ रहा है जिससे किसान बेहद परेशान नजर आ रहे है। लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा किसानों की इस समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे किसानों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।**

#### परिवहन नही होने से खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था

जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक शाखा लालबर्रा के अंतर्गत बनाये गये 14 धान खरीदी केन्द्रों में 12 जनवरी तक 8,765 किसानों से 4,29,575 क्विंटल 60 किग्रा. धान की खरीदी की गई है परन्तु खरीदी गई धान का परिवहन समय पर नही होने के कारण समिति को खरीदी करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और सबसे अधिक परेशानी जाम, छिंदलई, घोटी, सिहोरा सहित अन्य खरीदी केन्द्र में है। जहां धान की खरीदी होने के बाद धान का परिवहन नही होने के कारण किसानों के खातों में भुगतान नही आ रहे है, जिससे किसान बेहद परेशान है। साथ ही जो धान खरीदी की गई है उसे खुले आसमान के नीचे रखा गया है और अगर मौसम बदलने के साथ ही बारिश होती है तो बहुत नुकसान हो सकता है। वहीं जिन किसानों ने शुरूआत में ही अपनी उपज विक्रय किये है उक्त किसान सेवा सहकारी समिति व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पहुंचकर भुगतान की जानकारी ले रहे है किन्तु धान विक्रय के अधिक समय बीत जाने के बाद भी उनके खातों में धान का पैमेंट नही आया है जिससे किसान परेशान है। वहीं किसानों का कहना है कि धान विक्रय करने के एक सप्ताह के अंदर भुगतान होना चाहिए परन्तु ऐसा नही हो रहा है इसलिए हमारी मांग है कि खरीदी गई धान का जल्द परिवहन करवाये ताकि समय पर भुगतान किसानों के खाते में आ सके। साथ ही धान का परिवहन नही होने से जिन खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था फैली हुई है उसे व्यवस्थित करने की मांग प्रशासन से की है।

#### तीव्र गति से परिवहन करवाये प्रशासन - लिल्हारे

दूरभाष पर चर्चा में जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैक शाखा लालबर्रा के पर्यवेक्षक डीके लिल्हारे ने बताया कि शासन के निर्देश पर गत 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है और अब तक जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के अंतर्गत बनाये गये 14 खरीदी केन्द्रों में 8,765 किसानों से 4,29,573 क्विंटल 60 किग्रा. धान की खरीदी की गई है परन्तु परिवहन नही होने के कारण समिति को धान खरीदी करने में परेशानी हो रही है एवं किसानों के खातों में भुगतान भी नही आ रहे है जिससे किसान परेशान है। श्री लिल्हारे ने बताया कि 20 जनवरी तक समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जायेगी और उपज विक्रय करने के लिए स्लॉट बुकिंग करवाने की अंतिम तारीख 13 जनवरी है इसलिए जिन किसानों ने उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग नही करवाये है



वे मंगलवार तक करवा ले ताकि समर्थन मूल्य में उपज विक्रय कर सके। साथ ही यह भी बताया कि परिवहन धीमी गति से होने के कारण हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे है इसलिए प्रशासन से मांग है कि तीव्र गति से खरीदी गई धान का परिवहन करवाये और जिन किसानों ने स्लॉट बुकिंग करवा लिये है वे समयावधि में खरीदी केन्द्र पहुंचकर उपज विक्रय करें।

## अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक संपन्न

### राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन और समयसीमा में लक्ष्य पूरा करने के दिये निर्देश

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभाकक्ष में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्यकर्मियों की आवश्यक



समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. ऋत्विक पटेल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओं) डॉ. रितु धुर्वे की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों और स्वास्थ्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। वहीं समीक्षा में जिन क्षेत्रों या कार्यक्रमों में उपलब्धि कम पाई गई, उन पर डॉ. ऋत्विक पटेल ने असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्यकर्मी निर्धारित समयसीमा के अंदर अपने लक्ष्यों को पूर्ण करें ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सके। वहीं बीएमओं डॉ. रितु धुर्वे ने बैठक में उपस्थित सीएचओ, एएनएम और सेक्टर सुपरवाइजरों से कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सक्रियता जरूरी है। साथ ही सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण स्तर पर लोगों को बीमारियों के बचाव और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करे, ताकि आम जनता को समय पर उपचार और लाभ मिल सके। इस अवसर पर सीएचओं, एएनएम, सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में 12 जनवरी को को राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की 164 वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को रन फार स्वदेशी का आयोजन करते हुए युवाओं को जोडते हुए उनकी दौड करवाई गई। रनफार स्वदेशी केवल एक दौड नहीं बल्कि आत्म निर्भर भारत एवं पूर्ण रोजगार युक्त भारत निर्माण के लिए जन आंदोलन तैयार करना है। जिसका उद्देश्य युवाओं को स्वदेशी मूल्यों, उद्यमिता, कौशल विकास, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। जिसके पश्चात व्याख्यान माला में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार




भिमटे अपने व्याख्यान में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरक उध्दरण उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रूको मत के संदेश को जन-जन तक विस्तारित करने की आवश्यकता है। उनके स्वतंत्रता संबंधी विचारों राजनीतिक एवं सामाजिक दायित्व संबंधी विचारों पर प्रकाश डाला गया। डॉ. देवराज चौरे ने स्वदेशी वस्तुओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वदेशी उत्पादन, गुणवत्ता एवं उनके लिए बाजार निर्माण की ओर जोर दिया तथा वनों से स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादों के बारे में बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा ने कहा कि विद्यार्थियों को स्वदेशी की संकल्पना को विस्तार से बताते हुए घरेलु उपयोग की विभिन्न वस्तुओं से स्वदेशी उत्पादों के निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही स्वदेशी संकल्प के लिए स्वदेशी प्रतिज्ञा विद्यार्थियों एवं स्टॉफ को दिलायी गई जिसमें मैं स्वदेशी अपनाऊँगा, स्वदेशी बढाऊॅगा, विदेशी निर्भता कम करूगा, आत्मनिर्भर भारत बनाऊॅगा। वहीं कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. कामाक्षा बिसेन एवं आभार प्रदर्शन प्रो. नितेश कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत, डॉ. संगीता मेश्राम, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. नरेश सौलखे, श्रीमती संध्या भलावे, मनीष शिवहरे, डॉ. आशीष बागड़े, श्रीमती अनिभा शरणागत, डॉ. आशा कारे, डॉ. आरती विश्वकर्मा, दीपक अहिरवार, योदोराव राजुरकर, व्यंकटरमन नगपुरे, श्रीमती सरिता एड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर, प्रशिक हुमनेकर, कु. सोनम हरिनखेडे, निशांत तलवरे एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

# अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से बाईक सवार दो व्यक्ति घायल

### घायलों का प्राथमिक उपचार कर किया गया जिला चिकित्सालय रिफर

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर समनापुर मार्ग स्थित बम्हनी के डोरली मार्ग नहर के समीप सोमवार की शाम साढ़े सात बजे अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से बाईक में सवार दो व्यक्ति घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घोटी निवासी 48 वर्षीय मुकेश नागोसे मिस्त्री का काम करता है, जो सोमवार की शाम करीब साढे सात बजे अपने साथी 55 वर्षीय अशोक सरटे के साथ ददिया की ओर से काम कर अपने गांव घोटी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी लालबर्रा से समनापुर की ओर से जा रहे अज्ञात चौपहिया वाहन चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बम्हनी से डोरली की ओर जाने वाली मार्ग नहर पुलिया के पास उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।





जिससे मोटरसाइकिल में सवार दोनों व्यक्ति घायल हो गये। वहीं अज्ञात चौपहिया वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। जिसके बाद मार्ग से गुजर रहे लोग एवं ग्रामीणजन घटना स्थल पहुंचे और दोनों घायलों को उठाया एवं डायल 112 को घटना की जानकारी दी। वहीं डायल 112 वाहन की मदद से दोनों घायलों को तत्काल लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती किया गया जहां चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय रिफर किया है। वहीं इस सड़क दुर्घटना में घोटी निवासी मुकेश नागोसे, अशोक सरटे को हाथ, पैर, सिर एवं शरीर में अंदुरूनी चोटे आई है।

## नागरिक मंच ने राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया योगासन प्राणायाम

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के गांधी बाल उद्यान में निर्मित योग केंद्र में वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वावधान में गायत्री महा मंत्र के उद्घोष के साथ ही विभिन्न योगासनों, ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास



समस्त उपस्थित योग साधकों ने स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में किया। इस दौरान प्रणय श्रीवास्तव ,ओम प्रकाश नगपुरे,प्रदीप खंडेलवाल, हीरा सिंह चंदेल, मनीराम बिसेन,संजय रूसिया ,अशोक दुबे ,मनोहर सिंह ठाकुर ,डी एल एडे, शिव दयाल पटले ,नेमचंद्र लाखड़े ,रामेश्वर मसखरे ,मनोहर सिंह बोकडे, राकेश सोनी,कन्हैया लाल चौहान, रतन अग्रवाल आदि योग अभ्यासी उपस्थित रहे। अंत में स्वामी विवेकानंद के जय घोष के साथ स्वल्पाहार कर कार्यक्रम का समापन किया गया।।

# वारासिवनी में राष्ट्रीय युवा दिवस का हर्षोल्लास के साथ हुआ आयोजन





रिजनल रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

**नगर सहित क्षेत्र में भी १२ जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय एवं अशासकीय सहित विभिन्न संगठनों के द्वारा अपने स्तर पर जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से शासन के द्वारा प्रसारित किए गए कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय युवा दिवस रेडियों पर सुनकर प्राणायाम कर मनाया गया। वहीं विभिन्न स्थानों पर अन्य प्रतियोगिता करवायी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं के द्वारा कार्यक्रमों में सहभागिता दिखाते हुए स्वामी विवेकानंद के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर स्वयं एवं समाज का विकास करने का संकल्प लिया गया।**

## जगह जगह आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

### कमला नेहरू में छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार

कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में १२ जनवरी को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर रेडियों में प्रसारित कार्यक्रम के अनुसार छात्राओं के द्वारा सूर्य नमस्कार विभिन्न प्राणायाम किए गए। जहाँ सूर्य नमस्कार और विभिन्न प्राणायाम के महत्व को समझाते हुए प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया वहीं स्वामी विवेकानंद के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं मौजूद रही।

### केशव स्कूल में निकाली गयी रैली

नगर के केशव इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में हर्षउल्लास के साथ स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम ज्ञान विकास समिति के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम माँ सरस्वती ,स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों और शिक्षको ने दीप स्तुति मंत्र का पाठ किया। जिसमें रेडियो पर भोपाल से सीधे प्रसारण होने वाले कार्यक्रम की ध्वनि के अनुसार सूर्य नमस्कार का अभ्यास विद्यार्थियों और शिक्षको के द्वारा किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जीवन में योग और अनुशासन के पालन के महत्व के बारे में बताया। वहीं स्वामी विवेकानंद के द्वारा शिकागो धर्म सम्मेलन में दिये गये अभिभाषण का सारांश विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके बाद रैली का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से नगर के विभिन्न चौक चौराहा का भ्रमण कर वापस स्कूल पहुंचे। जहां पर रैली का समापन हुआ इस दौरान जीवनंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें स्वामी विवेकानंद, भगिनी निवेदिता, रानी अवंतीबाई, रानी लक्ष्मीबाई और बिरसा मुंडा तथा अन्य महापुरुष वेशभूषा में सुसज्जित थे। स्वामी विवेकानंद का जीवन हर युग के युवाओं के लिए आदर्श की तरह है। उनकी शिक्षा आज भी युवाओं के लिए प्रासंगिक है और कई पीढ़ी के युवा उससे लाभांवित है।

### टिहलीबाई स्कूल में हुआ योगाभ्यास

नगर के टिहलीबाई शासकीय माध्यमिक शाला में युवा दिवस के अवसर पर योगाभ्यास आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा ध्यानपूर्वक शासन के प्रसारित कार्यक्रम को सुना गया। वहीं कार्यक्रम के अनुसार प्राणायाम किये गये इसमें कार्यक्रम के पहले से योगाभ्यास किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के योग साधना की गई। इस अवसर पर शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सरस्वती विद्यालय में मनाया गया युवा दिवस

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में युवा दिवस मनाया गया। यह जयंती ज्ञान विकास समिति अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, सचिव विजय तेलाशकर, प्राचार्य राजेंद्र मिश्रा की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती ,भारत माता स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार एवं योग करवाया गया। जिसमें अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए योग का महत्व बताया। इसके बाद विद्यालय से जागरण रैली निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस विद्यालय वापस हुई। इस कार्यक्रम में रानी लक्ष्मीबाई ,रानी दुर्गावती और स्वामी विवेकानंद के रूप में यामिनी भोरगढे ,नेहल गौतम, मांशु यादव की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र.छात्राएं मौजूद रहे।

# कबीर साहब की सीख आज भी प्रासंगिक है-विक्रम




**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** खैरलांजी जनपद पंचायत के ग्राम बेनी स्थित कबीर कुटी में तीन दिवसीय संत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महंत प्रीतदास कावरे साहेब कचनारी के सान्निध्य में सत्संग, प्रवचन,ध्वजारोहण, आनंदी चौका, आरती एवं महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख कबीर कुटी ग्राम बेनी में उपस्थित हुए। विक्रम देशमुख ने कबीरदास और निशान साहब की पूजा अर्चना की। विक्रम देशमुख ने कहा कि कबीरदास के द्वारा अपने समकालीन समाज एवं धर्मों में व्याप्त कुरीतियों और पाखंड पर की गई व्यंग्यात्मक चोट पर प्रकाश डाला गया। श्री देशमुख ने कहा कि हम यदि कबीर दास की सीख को आत्मसात करें तो फिर हमें किसी लाइफ कोच या मोटिवेशनल वक्ता की बातें सुनने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। विक्रम देशमुख के द्वारा अपने विद्यार्थी काल में कबीर तीर्थ दामाखेड़ा छत्तीसगढ़ के निकट कबीर पंथी मित्रों के साथ बिताए हुए दिनों की चर्चा की गई। इस अवसर पर दीनदयाल बुरड,अश्विन्द्र माने,अच्युत पंचेश्वर, चन्द्रकिशोर बुरडे, मदनलाल डहाके ,चिंतामन साव डहाके सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानन्द शंकराचार्य की प्रतिमूर्ति थे- निरंजन

### कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में युवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा प्रतिक पुरूष स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाकर युवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम स्कूल संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन के द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिक पुरूष स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। स्वंय सेविकायें श्रृति गौतम ,भूमिका सोनकुसरे के द्वारा माँ सरस्वती की वंदना का गायन किया गया। इसके पश्चात् व्याख्यान माला का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन वृत पर सारगर्भित प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द शंकराचार्य की प्रतिमूर्ति थे। उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की प्रत्येक भारतीय को आवश्यकता है। तभी भारत विकासशील राष्ट्र से पूर्ण विकसित राज्य बन सकेगा। श्री बिसेन के अतिरिक्त स्कूल के अनेक शिक्षक शिक्षिकायें स्वंय सेवक सेविकाओं के अतिरिक्त उक्त छात्र छात्राओं के द्वारा भी स्वामी के जीवन वृत पर प्रकाश डाला गया। इससे पूर्व स्वंय सेवकों ने मैराथन दौड़ में भाग लिये। १९ जनवरी तक आयोजित इस सप्ताह के अंतर्गत चित्र कला, नारालेखन, भाषण एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिता के अतिरिक्त स्वच्छता कार्य भी किया जावेगा। समारोह का सफल संचालन एवं आभार व्यक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

# वारासिवनी में ५५ विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में लिया भाग

## अभाविप ने किया ओपन मैराथन का आयोजन





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के वार्ड नं.१ कॉलेज चौक पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में १२ जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर ओपन मैराथन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल,भाजयुमो प्रदेश सदस्य सौरभ पटेल जनभागीदारी सदस्य हिमांशु संचेती ,अभिषेक अग्रवाल ,जिला संगठन मंत्री राहुल विश्वकर्मा, जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कॉलेज चौक से हरी झंडी दिखाकर मैराथन प्रतियोगिता प्रारंभ की गई। इस प्रतियोगिता में कुल ५५ बालक और बालिकाओं के द्वारा पंजीयन कराकर भाग लिया गया। यह मैराथन प्रतियोगिता कॉलेज चौक से प्रारंभ हुई जो टेलीफोन एक्सचेंज ,बड़ी नहर ,दीनदयाल चौक ,बस स्टैंड होते हुए जय स्तंभ चौक और वहां से इसी मार्ग से वापस कॉलेज चौक पर आकर खत्म की गई। इस प्रतियोगिता में बालक और बालिका दोनों वर्ग में प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक और बालिकाओं को नकद पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसमे बालक वर्ग में प्रथम स्थान भुवन मुंजारे ,द्वितीय स्थान कार्तिक भगत ,तृतीय स्थान दीपांशु नागौरसे ने प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें उपस्थित अतिथियों के हस्ते नकद पुरस्कार राशि का वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाग लेने वाले युवाओं सहित नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसमें पुलिस और स्वास्थ्य विभाग पूरे रास्ते मौजूद रहा। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली अनुशासन राष्ट्रभावना तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। मैराथन दौड़ में विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों एवं युवा वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी आदर्श उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करते रहो को युवाओं के जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए स्मरणीय कार्यों और उनके उद्देश्य से लोगों को परिचित करा कर उनके बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया जाता रहा। वहीं पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद पहले व्यक्ति हुए जिन्होंने युवाओं की ऊर्जा को पहचाना उन्होंने युवाओं को नैतिकता का पाठ पढ़कर विश्व में योग की अलख जगाई। वर्तमान में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं की ऊर्जा को देश के विकास में जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इसके लिए अनेको कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जिसमें युवाओं की उपस्थिति बढ़ने पर चिंता की जा रही है कई प्रकार से युवाओं को प्रेरित भी किया जा रहा है। युवाओं को आगे बढ़ाने योजनाएं भी लाई जा रही है आप सभी लोग देश समाज के लिए गौरव हो आपके ऊपर हर किसी को भरोसा है। स्वामी का मानना था कि युवा मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार होना चाहिए इसलिए योग और अध्यात्म दो विषय उन्होंने दिए। योग हमारी शारीरिक क्षमता को जोड़ता है अध्यात्म हमारी आत्मा को शुद्ध करता है और इस योग और अध्यात्म के माध्यम से हम परिवार समाज देश को लगातार आगे बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर अमन पटेल, वरुण झरिया ,रोहित कुल्हाडे ,मयंक होमनेकर, उज्जवल झरिया ,सत्यम कुमरे ,शैलेश पटले ,सृष्टि नागेंद्र ,रोहित राणा ,तुषार बिसेन ,नवीन दमाहे ,संजय खोपड़े ,तुषार चौधरी ,अतुल कावरे ,द्रवीण पंन्द्रे ,शिवम् लिल्हारे ,कलश असाटी, राहुल बुरडे सहित विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी सदस्य सहित विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पुलिस ने जानलेवा मांझा विक्रय कर रही दुकान की जांच की

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विरुद्ध पुलिस ने की सख्त कार्यवाही




**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी पुलिस के द्वारा नगर में बिक रहे चाइनीस मांझे की सुचना पर दुकान की जांच कर जानलेवा मांझा जप्त कर दुकानदार के खिलाफ अपराध दर्ज जांच प्रारँभ कर ली हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित चाइनीज मांझा नायलॉन डोर के उपयोग से आमजन वाहन चालकों बच्चों एवं पक्षियों की जान को गंभीर खतरा उत्पन्न होने की संभावना रहती है। इसे दृष्टिगत रखते हुए बालाघाट पुलिस द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विरुद्ध संघन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना वारासिवनी के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर गोलीबारी चौक वारासिवनी स्थित एक स्टेशनरी दुकान पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान दुकान से चार रील प्रतिबंधित चाइनीज मांझा नायलॉन डोर बरामद की गई। जिन्हें पंचों की उपस्थिति में विधिवत जप्त कर विक्रेता आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा २२३ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विदित हैं कि जिला दण्डाधिकारी के द्वारा चाइनीज मांझा के क्रय-विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। क्योंकि यह कांच एवं मेटालिक पाउडर की कोटिंग से यह तेज धार वाला होता है जिससे गर्दन हाथ व चेहरे पर गंभीर कट लग सकते हैं। नायलॉन का मजबूत व स्ट्रेचेबल होने से यह आसानी से नहीं टूटता जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। दोपहिया वाहन चालको, साइकिल सवारों व पैदल यात्रियों के लिए अचानक जान का खतरा पैदा करता है। पक्षियों के लिए घातक सिद्ध होता है। बिजली के तारों पर गिरने से करेंट, शॉर्ट.सर्किट एवं विद्युत आपूर्ति बाधित होने का जोखिम रहता है। जिसकी जिले भर में निरंतर पुलिस चेकिंग अभियान चलाकर लगातार भ्रमण कर दुकानों की संघन तलाशी लेकर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही हैं। इसमें पुलिस प्रशासन के द्वारा नगर सहित क्षेत्रवासियों से इस चाइनीज मांझा नही खरीदें ना बेचें और ना ही उपयोग करने एवं केवल सामान्य सूती कपास का मांझा ही प्रयोग करने जनसुरक्षा में अपील की गई है।

# भागवत कथा का लाभ भाग्यवान को मिलता है-विक्रम

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम दिनेरा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ग्राम लावनी में श्री शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन पूज्य देवी पूजा किशोरी वृंदावन के द्वारा किया जा रहा है। वहीं ग्राम लावनी में शिव पुराण का वाचन पंडित शैलेंद्र मिश्रा टुईयापार के द्वारा किया जा रहा है। ग्राम लावनी दोनों आंखों की ज्योति से विहीन अशोक बोपचे सूरदास का गायन मुख्य आकर्षण है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख ने ग्राम दिनेरा और ग्राम लावनी में पहुंचकर धार्मिक कथा के श्रवण का लाभ लिया गया। इस अवसर पर विक्रम देशमुख के द्वारा सनातन हिंदू धर्म की महिमा पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उपस्थित धार्मिक जनता से व्यसनों से मुक्त रहने तथा व्यसन के व्यापार में लिप्त लोगों को महत्वपूर्ण पदों पर बैठाने से बचने की अपील की। विक्रम देशमुख के द्वारा सनातन हिंदू धर्म में व्यक्ति की समस्त पीड़ाओं जैसे दरिद्रता, स्वास्थ्य, मानसिक शांति के निराकरण हेतु पर्याप्त उपाय होने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पुरुषोत्तम पटले,शैलेश पटले ,सुनील बिसेन,खुशियाल पटले,देवरस पंचेश्वर, धनेंद्र बेले ,किशनलाल आमाडारे, दिलीप बोपचे,दिनेश बोपचे,नंदलाल ठाकुर उपस्थित रहे।



**आवश्यकता है**
वारासिवनी कार्यालय में केबल में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है
स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
पद्मेश सिटी केबल
बस स्टेण्ड, वारासिवनी

बालाघाट एक्सप्रेस

## संपादकीय

### सत्य एक व्रत की तरह है

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।




# तेरे वादे पे एतबार नहीं!!

अमेरिका की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाए जाने के बाद जिस तरह से बातचीत चल रही थी, उम्मीद की जा रही थी कि दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंजाम तक पहुंचाने से द्विपक्षीय संबंधों में जमी बर्फ पिघल जाएगी। मगर, इस समझौते को लेकर अमेरिका जिस तरह की उदासीनता दिखा रहा है, उससे उसकी नीति और नीयत दोनों संदेह के घेरे में है। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री का यह कहना विचित्र और तर्कहीन है कि व्यापार वार्ता इसलिए सिरे नहीं चढ़ सकी, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया। भारत ने इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने पिछले वर्ष आठ अवसरों पर फोन से बातचीत की और इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। ऐसे में तस्वीर साफ है कि अमेरिका व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने में अपनी नाकामी का ठीकरा भारत पर फोड़ने का प्रयास कर रहा है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अमेरिका सोची-समझी रणनीति के तहत भारत पर दबाव बनाना चाहता है, ताकि वह व्यापार समझौते में मनमाने तरीके से अपनी शर्तों को आगे बढ़ा सके।

दरअसल, पिछले साल तेरह फरवरी को वाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बैठक के दौरान द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। दोनों पक्षों के बीच इसको लेकर कई दौर की वार्ता हो चुकी है। मगर अमेरिकी पक्ष परस्पर हितों की बजाय अपने हितों पर ज्यादा जोर देता रहा है। हालांकि भारत यह स्पष्ट कर चुका है कि राष्ट्रहित से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। इसमें दोराय नहीं है कि अमेरिकी की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाने की घोषणा भी दबाव की रणनीति का ही हिस्सा था, जो दोनों देशों के रिश्तों में शिथिलता का कारण बना। अब अमेरिका के वाणिज्य मंत्री की ओर से प्रस्तावित व्यापार समझौते के लंबित होने के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराने का प्रयास यह दर्शाता है कि अमेरिका जानबूझकर इसे ठंडे बस्ते में डालना चाहता है। अमेरिका का यह रुख इसलिए भी सामने आया है, क्योंकि भारत परस्पर हितों की अपनी नीति पर पूरी तरह कायम है।

रणनीतिक दबाव बढ़ाने का एक और प्रयास हाल में देखने को मिला, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नए विधेयक को मंजूरी दी, जिसमें रूस से तेल खरीदने वाले भारत समेत अन्य देशों पर पांच सौ फीसद शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया गया है। अगर इस विधेयक को संसद की मंजूरी मिल जाती है, तो इसका भारत पर खासा असर पड़ सकता है। मगर यह बात भी सच है कि भारत अब अपनी वस्तुओं के निर्यात लिए दुनिया के दूसरे देशों में वैकल्पिक बाजार तलाशने का पूरी शिद्दत से प्रयास कर रहा, जो सफल भी हो रहा है। भारत ने पिछले करीब पांच माह में कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। निकट भविष्य में अमेरिकी शुल्क के प्रभाव को कम करने में ये समझौते महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शुल्क के अलावा, भारत-अमेरिका संबंध कई अन्य मुद्दों पर भी तनावपूर्ण हैं, जिनमें पिछले साल मई में ट्रंप की ओर से भारत-पाकिस्तान संघर्ष को समाप्त करने का दावा किया जाना और वाशिंगटन की नई आव्रजन नीति शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका को यह समझाना होगा कि दबाव की रणनीति के बजाय सहयोग की नीति में ही दोनों देशों के हित निहित हैं।

**कूटनीति**

# असल में ईरान का कोई दोस्त नहीं है

-दीपक वोहरा ( पूर्व राजनयिक )

ईरान सरकार का कोई दोस्त नहीं है। रूस और चीन शिष्टाचार की बातें करेंगे और फिर अपने एजेंडे पर काम करेंगे। जैसे-जैसे ईरान में अराजकता फैलेगी, दुनिया उबासी लेगी और अंतरराष्ट्रीय मीडिया ट्रंप के अगले कारनामे पर ध्यान केंद्रित करेगा।

कर्म का फल जरूर मिलता है। 1950 के दशक के प्रारंभ में ईरान के लोकतांत्रिक ढंग से चुने गए प्रधानमंत्री को ब्रिटिश एवं अमेरिकियों ने सत्ता से बेदखल कर दिया था, क्योंकि उसने मुल्क के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया था। उसके बदले एक युवा, घमंडी, लेकिन कट्टर वफादार को लाया गया। ईरान ने इस्त्राइल को मान्यता दी और बदले में सैन्य सहयोग हासिल किया। तेहरान और तेल अवीव के बीच सीधी उड़ानों से अमीर ईरानी इस्राइल के नाइटक्लब और बार का मजा लेने लगे।

नतीजतन फिर से कर्म का फल मिला और शाह का बदनाम भ्रष्ट शासन, जिसे गैर-इस्लामिक माना जाता था, को इस्लामी क्रांति द्वारा उखाड़ फेंका गया, जिसने ईरान में फैले भ्रष्टाचार और असमानता का फायदा उठाया।

इराक, लीबिया और सीरिया में जो हुआ, उसे देखकर तेहरान ने परमाणु हथियार बनाने की कोशिश शुरू कर दी। हालांकि तेहरान को रोकने की कई कोशिशें की गई, लेकिन कुछ भी काम न आया। इसलिए पश्चिम एवं संयुक्त राष्ट्र ने बड़े पैमाने पर प्रतिबंध लगाया, जिससे ईरान को नुकसान तो हुआ, लेकिन वह अपने मकसद से पीछे नहीं हटा। ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सितंबर, 2025 में समझौता किया था, जो आईएईए को ईरान के परमाणु ठिकानों की जांच की अनुमति देता था। लेकिन यूरोपीय शक्तियों द्वारा प्रतिबंधों को फिर से लागू करने के बाद ईरान ने उस समझौते को अगले ही महीने रद्द कर दिया।

ईरान के शासकों ने बार-बार होने वाले अशांति के दौर देखे हैं, जिनमें 1999 में छात्रों का विरोध प्रदर्शन, 2009 में विवादित चुनाव, 2019 में आर्थिक परेशानियां, और 2022 में ड्रेस कोड उल्लंघन के आरोप में हिरासत में एक महिला की मौत शामिल है। ईरान ने रूस और चीन के अलावा, गैर-पश्चिमी ताकतों से भी मदद मांगी है, और कट्टर शिया विरोधी पाकिस्तान की चापलूसी की है तथा अपने कट्टर दुश्मन सऊदी अरब और तुर्किये से भी दोस्ती की है।

लोगों की शाह विरोधी ऊर्जा को इस्लामियों द्वारा चालाकी से अमेरिका और इस्राइल विरोधी गुस्से में बदल दिया गया। अमेरिका ने इराक के दस साल लंबे युद्ध को प्रायोजित किया, ताकि उन इस्लामवादियों को सत्ता से हटाया जा सके, जिन्होंने इस्त्राइल को खत्म करने की कसम खाई थी।

युवा ईरानी और दुकानदार वहां की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते सड़कों पर उतर रहे हैं। ध्वस्त होती अर्थव्यवस्था ने 1980-90 के दशक के धार्मिक क्रांतिकारी जोश को खत्म कर दिया है। पिछले तीन वर्षों में महंगाई 50 फीसदी से ज्यादा हो गई और खाने की कीमतें 70 फीसदी से ज्यादा बढ़ गईं। मार्च 2025 में, ईरान की संसद ने बढ़ती महंगाई और गिरती मुद्रा को लेकर देश के वित्तमंत्री को महाभियोग चलाकर पद से हटा दिया। दिसंबर 2025 में केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने इस्तीफा दे दिया। इससे सरकार घबरा गई। ईरान के पूर्व शाह के बेटे, जो न्यूयॉर्क में आत्म निर्वासन में रह रहे हैं, ने प्रदर्शनकारियों से खामनेई शासन को हटाने की अपील की है। हाल के दिनों में, सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो खूब वायरल हुए हैं, जिनमें युवा महिलाएं न सिर्फ अयातुल्लाह की तस्वीर जला रही हैं, बल्कि उन लपटों से अपनी सिगरेट भी जला रही हैं। वहां इंटरनेट एवं फोन को अवरुद्ध कर दिया गया है। सरकारी टीवी पर एक रिकॉर्डेड संदेश में, ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने एकता की अपील की, और लाखों प्रदर्शनकारियों को अमेरिकी भाड़े का एजेंट बताया और डोनाल्ड ट्रंप पर ईरानियों के खून से हाथ रंगने का आरोप लगाया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्त्राइल के साथ मिलकर जून, 2025 में ईरान पर बमबारी की थी, जिसमें उसके परमाणु और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया था। ट्रंप ने फिर से तेहरान को गोलीबारी नहीं करने की चेतावनी दी है।





वह अपनी धमकी को 2005 के संयुक्त राष्ट्र के %रक्षा करने की जिम्मेदारी% वाले प्रस्ताव पर आधारित मानते हैं, जो किसी भी देश को दूसरे देश के उन नागरिकों की रक्षा करने का अधिकार देता है, जिन पर उनकी अपनी सरकार अत्याचार कर रही है।

सरकार विरोधी प्रदर्शन पूरे मुल्क में फैल गया है। सरकार में साफ तौर पर भ्रम की स्थिति है। ईरान के राष्ट्रपति का कहना है कि सरकार ने स्थिति पर से नियंत्रण खो दिया है। दुकानें खाली हैं। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि यह सरकार शीघ्र सत्ता छोड़े। सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) को प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश देकर आग में घी डालने का काम किया। खामनेई ने पैरामिलिट्री रिवोल्यूशनरी गार्ड को ईरान की सेना और अंदरूनी राजनीति में सबसे ताकतवर बना दिया है।

इसकी अंतरराष्ट्रीय शाखा, कुद्स फोर्स ने प्रतिरोध की धुरी को एक साथ जोड़ा, जो यमन से लेबनान तक फैले ईरान समर्थक प्रॉक्सी का एक समूह है, जिसने वर्षों तक ईरान को पूरे क्षेत्र में काफी ताकत दी। खामनेई ने गार्ड को व्यवसाय का नेटवर्क बनाने की भी खुली छूट दी, ताकि वे ईरान की अर्थव्यवस्था पर हावी हो सकें, और वे उनके वफादार अंगरक्षक बन गए। अब तक विरोध प्रदर्शनों में दर्जनों लोग मारे गए हैं। वहां के केंद्रीय बैंक ने डॉलर सब्सिडी में कटौती की है, जिसका मकसद जरूरी आयात को सस्ता बनाना और महंगाई को नियंत्रण में रखना था। सरकार ने ईरानियों की मुश्किलों को कम करने के लिए प्रति व्यक्ति कुछ डॉलर देने की पेशकश की है। हालांकि, कीमतें बढ़ेंगी और परिवारों को गुजारा करने में मुश्किल होगी।

ईरान के सेना प्रमुख ने सरकार विरोधी बातों पर पहले से ही सैन्य कार्रवाई की धमकी दी, खासकर ट्रंप की इस चेतावनी के बाद कि अगर तेहरान 'शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को मारता है, तो (अमेरिका) उनकी मदद के लिए आएगा।' यही नहीं, ईरान के प्रधान न्यायाधीश ने भी दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की धमकी दी, जिन्हें ईरान के दुश्मन, इस्त्राइल और अमेरिका बढ़ावा दे रहे हैं, और कहा कि उन पर कोई रहम नहीं किया जाएगा।

ईरान सरकार का कोई दोस्त नहीं है। रूस और चीन शिष्टाचार की बातें करेंगे और फिर अपने एजेंडे पर काम करेंगे। जैसे-जैसे ईरान में अराजकता फैलेगी, दुनिया उबासी लेगी और अंतरराष्ट्रीय मीडिया ट्रंप के अगले सनक भरे कारनामे पर ध्यान केंद्रित करेगा। वेनेजुएला को तो पहले ही भुला दिया गया है। लगता है, 2026 ताकतवर एवं खतरनाक लोगों का साल है।




# स्वामी विवेकानंद

पूरे समर्पण के साथ किसी भी मार्ग पर चलो, तुम अवश्य ही संपूर्ण सत्य तक पहुंचोगे। यदि श्रृंखला की एक भी कड़ी को मजबूती से पकड़ लिया, तो धीरे-धीरे पूरी श्रृंखला अपने आप हाथ में आ जाएगी।

### लहर को नहीं सागर को देखिए

साहसी बनो और सच्चे रहो। फिर पूरे समर्पण के साथ किसी भी मार्ग पर चलो, तुम अवश्य ही संपूर्ण सत्य तक पहुंचोगे। यदि श्रृंखला की एक भी कड़ी को मजबूती से पकड़ लिया, तो धीरे-धीरे पूरी श्रृंखला अपने आप हाथ में आ जाएगी। यदि तुम वृक्ष की जड़ों को पानी दो, तो पूरा वृक्ष अपने आप सिंचित हो जाता है। इसी तरह ईश्वर को पा लेने पर सब कुछ पर सब कुछ मिल जाता है। एकांगी दृष्टि संसार का सबसे बड़ा दोष है। जितने अधिक पक्ष तुम अपने भीतर विकसित करोगे, उतनी ही अधिक आत्माओं से तुम जुड़ पाओगे, और तब तुम ब्रह्मांड को भक्त की दृष्टि से भी देख सकोगे और ज्ञानी की दृष्टि से भी। पहले अपने स्वभाव को पहचानो और उसी पर दृढ़ रहो। प्रारंभिक साधक के लिए निष्ठा, यानी एक आदर्श के प्रति अडिग भक्ति ही एकमात्र मार्ग है। परंतु यदि भक्ति और सच्चाई हो, तो यही निष्ठा अंततः सब कुछ प्रदान कर देती है। सिद्धांत, धार्मिक रूप और परंपराएं कोमल पौधे की रक्षा करने वाली बाड़ की तरह हैं, लेकिन बाद में इन्हें तोड़ना ही पड़ता है, ताकि पौधा एक विशाल वृक्ष बन सके। इसी तरह विभिन्न धर्म, बाइबिल, वेद, और मत केवल छोटे पौधे के लिए बनाए गए गमले हैं। पर पौधे को अंततः गमले से बाहर निकलना ही होता है। निष्ठा का अर्थ है संघर्षरत आत्मा को उसके मार्ग पर सुरक्षित रखना। लहर को नहीं, सागर को देखो। चींटी और देवदूत में कोई भेद मत देखो। कौन बड़ा है और कौन छोटा, यह कैसे कहा जा सकता है? हर प्राणी अपने स्थान पर महान है। आत्मा देश और काल से परे है और सर्वत्र व्याप्त है। हम कहीं सीमित नहीं हैं। हम जादूगर हैं, जो अपनी चेतना की छड़ी से इच्छानुसार दृश्य रचते हैं। हम उस मकड़ी की तरह हैं, जिसने अपना विशाल जाल बुना है और जिसकी किसी भी डोरी पर वह जा सकती है। मकड़ी अभी केवल उसी स्थान को जानती है, जहां वह बैठी है, लेकिन समय आने पर वह पूरे जाल को जान लेगी। वैसे ही हम अभी केवल शरीर तक सीमित चेतना रखते हैं और एक ही मस्तिष्क का उपयोग करते हैं। पर जब हम अतिचेतना को प्राप्त कर लेते हैं, तब सब कुछ जानते हैं और सभी मस्तिष्कों का उपयोग कर सकते हैं। आज भी हम चेतना को थोड़ा-सा धक्का दे सकते हैं और वह आगे बढ़कर अतिचेतन स्तर पर कार्य करती है। हम केवल होने का प्रयास कर रहे हैं, और कुछ नहीं। वहां कोई अहं नहीं रहता। हम एक शुद्ध स्फटिक की तरह हो जाते हैं, जो सब कुछ प्रतिबिंबित करता है, फिर भी स्वयं वही रहता है। जब यह अवस्था आ जाती है, तब करने के लिए कुछ नहीं बचता। शरीर मात्र एक यंत्र बन जाता है, शुद्ध और उसकी चिंता से मुक्त। वह फिर अपवित्र नहीं हो सकता। जैसे पानी उबलते समय पहले एक बुलबुला बनाता है, फिर दूसरा, फिर और अधिक, और अंत में सारा पानी भाप बनकर ऊपर उठ जाता है। एक समय ऐसा आएगा, जब सब बुलबुले बनेंगे और ऊपर उठ जाएंगे। लेकिन सृष्टि सदैव नई रहती है, और नया पानी फिर से इस प्रक्रिया से गुजरेगा।

### सूत्र : किसी को कम न आंकें

किसी को छोटा मत समझें। जीवन में जिसे भी अहंकार हुआ, वह समय की मार की सच्चाई से अवगत हुआ। साहसी व सच्चे रहें, फिर हर मार्ग आपके लिए सदैव खुला रहेगा। सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और अपनी जिंदगी के साथ-साथ दूसरों के जीवन में भी रंग भरें। अडिग विश्वास और असाधारण प्रयास से जीवन में चमत्कार होते हैं।

**मुद्दा**

# व्यापारी की अर्थनीति

**पांच सौ फीसदी टैरिफ का खतरा रेखांकित करता है कि आर्थिक निर्भरता को कैसे दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।**

अमेरिका द्वारा सैंक्शनिंग रशिया एक्ट, 2025 के तहत भारतीय निर्यात पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की चेतावनी, हाल के दशकों में भारत-अमेरिका संबंधों में उभरे सबसे गंभीर तनावों में से एक माना जा रहा है। यूक्रेन में लगातार युद्ध के लिए मास्को पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के उद्देश्य से लाए गए इस प्रस्तावित कानून में भारत जैसे देशों पर सख्त सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है, जो अब भी रूसी कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद आयात कर रहे हैं। हालांकि, प्रतिबंधों का यह खतरा दूरगामी असर रखता है। अगर ऐसे टैरिफ पूरी तरह से लागू किए जाते हैं, तो इसके नतीजे व्यापार के आंकड़ों से कहीं आगे तक जाएंगे, और भारत की आर्थिक स्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता को चोट पहुंचा सकते हैं। व्यापार व ऊर्जा के अलावा, टैरिफ का खतरा भारत के वित्तीय बाजार को भी जोरदार झटका देगा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक बाजार से पैसा निकाल सकते हैं और रुपया भी और कमजोर पड़ सकता है। ऐसी अस्थिरता से कॉरपोरेट उधार लेने की लागत बढ़ेगी, निवेश के फैसले में देरी होगी और ऐसे समय में वित्तीय प्रबंधन मुश्किल हो जाएगा, जब विकास की गति बेहद जरूरी है। भारत के अचानक रूसी तेल आयात रोकने का असर तुरंत और गंभीर होगा। ऐसे में, रिफाइनरियों को दूसरे विकल्प तलाशने होंगे, जो महंगी पड़ेगी, जिससे भारत का सालाना आयात बिल 10-12 अरब डॉलर बढ़ सकता है। इससे चालू खाता घाटा बढ़ेगा और अल्पकाल में जीडीपी की विकास दर भी घट सकती है। रणनीतिक साझेदार होने के बावजूद ट्रंप ने अक्सर भारत को एक ऐसा %सख्त व्यापारी% बताया है, जो अपने बाजारों की कड़ी सुरक्षा करता है, पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था तक पहुंच का लाभ भी उठाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव खत्म कराने में ट्रंप की कथित मध्यस्थता को भारत द्वारा खारिज करने और पाकिस्तान की तरह उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए समर्थन नहीं देने की वजह से ट्रंप चिढ़े हुए हैं। यदि ट्रंप की यह बदले की भावना ठोस कदमों में बदलती है, तो भारतीय निर्यातकों को न केवल ऊंचे दंडात्मक टैरिफ झेलने पड़ेंगे, बल्कि अमेरिकी व्यापार नीति की स्थिरता पर भरोसा भी लंबे समय तक कमजोर होगा। आपूर्ति-श्रृंखला सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और हिंद-प्रशांत आर्थिक समन्वय भी प्रभावित होंगे। इससे साझेदारी कमजोर होगी, और भारत वैकल्पिक बाजारों और साझेदारों के साथ और आक्रामक तरीके से संतुलन बनाएगा। भारत का अमेरिका को निर्यात सालाना करीब 75-80 अरब डॉलर का है। अगर 500 प्रतिशत का टैरिफ लागू होता है, तो भारतीय उत्पाद रातों-रात अमेरिकी बाजार से बाहर हो सकते हैं। निर्यातकों को या तो लंबे समय के अनुबंध रद्द करने पड़ेंगे, या वैकल्पिक बाजार तलाशने होंगे। वैश्विक मांग में सुस्ती से जूझ रहे वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में फैक्टरियां बंद होने और नौकरियां जाने का खतरा बढ़ जाएगा। फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र में नियामकीय अनिश्चितता और लागत बढ़ेगी, जिससे अमेरिकी स्वास्थ्य सेवाओं की कीमतें भी प्रभावित होंगी। इससे न केवल निर्यात-आधारित विनिर्माण, बल्कि भारत-अमेरिका के व्यापक आर्थिक सहयोग में भी निवेशकों का भरोसा खत्म होगा, जिसे वाशिंगटन ने स्वयं प्रोत्साहित किया है। प्रस्तावित टैरिफ ने भारत को एक व्यापक भू-राजनीतिक दुविधा के केंद्र में ला खड़ा किया है। रूस के साथ उसके रिश्ते रक्षा, परमाणु ऊर्जा और बहुपक्षीय कूटनीति तक फैले हुए हैं, जबकि अमेरिका के साथ साझेदारी व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा और हिंद-प्रशांत जैसे क्षेत्रों में गहरी हुई है। असल में अमेरिका चाहता है कि भारत अपने ऊर्जा और आर्थिक फैसलों को वाशिंगटन के भू-राजनीतिक लक्ष्यों के अधीन कर दे, जो नई दिल्ली को स्वीकार नहीं है। भारत को वाशिंगटन के साथ लगातार और उच्चस्तरीय बातचीत के जरिये रियायत या चरणबद्ध तरीकों को लागू करने जैसे विकल्पों पर जोर देना होगा। नई दिल्ली यह तर्क दे सकती है कि एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, तेल आपूर्ति में अचानक रुकावट से विकास, मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक स्थिरता को ही नुकसान होगा। इसके साथ ही, भारत को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वह रूसी तेल पर निर्भरता धीरे-धीरे कम करे, ताकि कीमतों में अचानक उछाल न आए।

**आज जन्म दिन पर विशेष**

# प्रियंका गांधी : विरासत, संवेदना और राजनीतिक संभावनाओं का चेहरा

**पब्लिक कनेक्ट की सहजता : करिश्मा भी, उम्मीद भी प्रियंका गांधी अब सिर्फ 'सपोर्टिंग रोल' में नहीं देखी जा रहीं**

### संसद में कांग्रेस की मुखर आवाज

प्रियंका गांधी पार्टी की राष्ट्रीय राजनीति में प्रभावशाली आवाज के रूप में उभरी हैं। वर्ष 2024 में प्रियंका केरल की वायनाड सीट से चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंचीं। वह संसद में कांग्रेस की ऐसी मुखर आवाज हैं, जो संवेदनशील मुद्दों पर स्पष्ट और मानवीय दृष्टिकोण रखती हैं। उनका हस्तक्षेप आक्रामक होने के बजाय नैतिक दबाव बनाने वाला रहता है, जो सत्ता पक्ष को असहज करता है। पब्लिक कनेक्ट और भाषण शैली-प्रियंका गांधी की सबसे बड़ी ताकत उनका पब्लिक कनेक्ट है। वे मंच से भाषण कम और शिक्षा, हॉबी और परिवार संवाद ज्यादा करती नजर आती हैं। उनकी भाषा सहज, भावनात्मक और आम लोगों की पीड़ा से जुड़ी होती है। मंच पर उनकी शैली में दादी इंदिरा गांधी की झलक साफ दिखती है आंखों में आत्मविश्वास, आवाज में दृढ़ता और शब्दों में चुनौती। यही कारण है कि समर्थक उन्हें %इंदिरा की छाया% कहते हैं। प्रियंका के चेहरे, बॉडी लैंग्वेज और भाषण शैली में भी दादी से समानता की चर्चा बार-बार आती है।

प्रियंका की प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली और देहरादून में हुई। फिर दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज से मनोविज्ञान में स्नातक किया। पढ़ना, फोटोग्राफी और पहाड़ों में समय बिताना हॉबी हैं। प्रियंका ने 1997 में रॉबर्ट वाड्रा से विवाह किया। उनके दो बच्चे हैं बेटा रेहान और बेटी मिराया। राजनीति के शोर-शराबे से दूर रहकर सादगी भरा निजी जीवन जीना उनकी खास पहचान रही है और वे अक्सर खुद को 'पहले मां, फिर नेता' के रूप में प्रस्तुत करती रही हैं।



प्रियंका गांधी वाड्रा भारतीय राजनीति की उन शख्सियतों में हैं, जिनका नाम आते ही विरासत, करिश्मा रेश्मा और संभावनाओं की चर्चा शुरू हो जाती है। प्रियंका को को लंबे समय तक %बैकसीट लीडर% माना गया, लेकिन उन्होंने सक्रिय राजनीति में उतरकर साबित किया कि परिवार की विरासत से अलग अलग राजनीतिक पहचान भी गढ़ सकती हैं। कांग्रेस के भीतर यह बहस तेज हुई है कि पार्टी की फ्रंटलाइन लीडरशिप बड़े भाई राहुल की बजाय प्रियंका को सौंपी जाए। तर्क यह कि प्रियंका में करिश्मा और मास अपील ज्यादा है। यानी प्रियंका गांधी अब सिर्फ 'सपोर्टिंग रोल' में नहीं देखी जा रहीं।

### जन्म, बचपन और पारिवारिक विरासत

प्रियंका का जन्म नई दिल्ली में 12 जनवरी 1972 को देश को तीन प्रधानमंत्री देने वाले परिवार में हुआ। तब दादी इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं, इसलिए प्रियंका का बचपन असाधारण सुरक्षा में बीता। दादी की हत्या (1984) और फिर पिता राजीव गांधी की हत्या (1991) ने उनके जीवन को गहराई से प्रभावित किया। उन्हें राजनीति से दूर रखा और भीतर से परिपक्व भी बनाया।

### राजनीति में प्रवेश

प्रियंका गांधी लंबे समय तक पर्दे के पीछे रहकर अमेठी और रायबरेली में चुनावी रणनीति, जनसंपर्क और संगठन के काम में सक्रिय रहीं। 2019 में उन्हें कांग्रेस महासचिव बनाकर पूर्वी उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने यूपी में कांग्रेस संगठन को पुनर्जीवित करने की कोशिश की। लखीमपुर खीरी कांड हो या महिला सुरक्षा उन्होंने सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक उपस्थिति दर्ज कराई।

## रुपया पांच पैसे टूटकर 90.23 प्रति डॉलर पर

**मुंबई। एजेंसी।** भारतीय रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे टूटकर 90.23 पर खुला। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर अस्थिर भू-राजनीतिक हालात और अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की आशंका ने विदेशी संस्थागत निवेशकों को भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली के लिए प्रेरित किया है। इससे रुपये की कमजोरी और बढ़ गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया पिछले बंद भाव 90.18 की तुलना में कमजोर खुला। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को रुपया 28 पैसे गिरकर 90.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.75 पर रहा।

## सोने का भाव 1,40,900 रुपए, चांदी 2,62,000 रुपए किलो

**नई दिल्ली। एजेंसी।** सोने और चांदी के वायदा कारोबार में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में कीमती धातुएं नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना और चांदी दोनों ही मजबूती के साथ खुले और कारोबार के दौरान सार्वकालिक स्तर को छू लिया। फिलहाल सोने का वायदा भाव करीब 1,40,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी का वायदा भाव 2,62,000 रुपये प्रति किलो के करीब बना हुआ था। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट 781 रुपये की तेजी के साथ 1,39,600 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,38,819 रुपये था। कारोबार के दौरान सोने का वायदा भाव 2,042 रुपये की तेजी के साथ 1,40,861 रुपये तक पहुंच गया। इस दौरान सोने ने दिन का उच्चतम स्तर 1,41,250 रुपये और न्यूनतम स्तर 1,39,600 रुपये छू लिया। इस समय सोने के वायदा भाव ने 1,41,250 रुपये पर अपना अब तक का सर्वोच्च स्तर दर्ज किया। चांदी के वायदा भावों में भी जोरदार तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 10,109 रुपये की उछाल के साथ 2,62,834 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 2,52,725 रुपये था। इस समय चांदी का वायदा भाव 9,276 रुपये की तेजी के साथ 2,62,001 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान चांदी ने दिन का उच्चतम स्तर 2,63,996 रुपये प्रति किलो और न्यूनतम स्तर 2,61,961 रुपये छू लिया। चांदी ने इस साल 2,63,996 रुपये प्रति किलो का सर्वोच्च स्तर बनाया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी रिकॉर्ड तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। कॉमेक्स पर सोना 4,529.10 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 4,500 डॉलर प्रति औंस बढ़ने के बाद सोना 88.30 डॉलर की तेजी के साथ 4,589.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान सोने ने 4,612.70 डॉलर प्रति औंस का ऑल टाइम हाई छू लिया। वहीं, कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 80.50 डॉलर प्रति औंस पर खुले, जबकि पिछला बंद भाव 79.34 डॉलर था। इस समय चांदी 3.93 डॉलर की तेजी के साथ 83.27 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। चांदी ने आज 83.90 डॉलर प्रति औंस का उच्चतम स्तर दर्ज किया।

## भारत से 2025 में आईफोन निर्यात 2 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत में 2021 में उत्पादन शुरू करने के बाद 2025 में पहली बार ऐपल के आईफोन का निर्यात 2 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। ठेके पर आईफोन बनाने वाली कंपनियों द्वारा केंद्र और राज्य सरकारों को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच भारत से आईफोन का कुल निर्यात 23 अरब डॉलर यानी लगभग 2.03 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह आंकड़ा 2024 की तुलना में करीब 85 प्रतिशत अधिक है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लागू होने के बाद से ऐपल का मुख्य फोकस भारत को एक बड़े निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने पर रहा है। इसका असर यह हुआ कि हर साल आईफोन निर्यात में लगातार तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। 2021 में जहां भारत से आईफोन का निर्यात 8,800 करोड़ रुपये था, वहीं 2022 में यह बढ़कर 36,234 करोड़ रुपये हो गया। 2023 में निर्यात दोगुने से ज्यादा बढ़कर 74,000 करोड़ रुपये पहुंचा, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 1.1 लाख करोड़ रुपये रहा। 2020 में पीएलआई योजना की घोषणा के बाद ऐपल ने अपने दो प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं विस्ट्रॉन और फॉक्सकॉन के साथ भारत में कदम रखा। हालांकि कोरोना महामारी और चीन के साथ सीमा पर तनाव के चलते उत्पादन शुरू होने में देरी हुई और 2021 में भारत में आईफोन निर्माण की शुरुआत हो सकी। प्रारंभिक दौर में उत्पादन मुख्य रूप से निर्यात बाजार को ध्यान में रखकर किया गया। चीन से आपूर्ति श्रृंखला के धीरे-धीरे स्थानांतरण के बीच ऐपल ने 2023 से भारतीय कंपनियों को अपने पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल करना शुरू किया। सरकार ने तकनीक हस्तांतरण और एमएसएमई को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया। टाटा समूह इस क्षेत्र में शामिल होने वाला पहला बड़ा भारतीय समूह बना, जिसने 2023 में कर्नाटक स्थित विस्ट्रॉन का आईफोन प्लांट खरीदा और बाद में तमिलनाडु में पेगाट्रॉन की फैक्टरी में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की।

## अब ईपीएफओ से तुरंत निकाल सकेंगे पैसा

**नई दिल्ली एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ निकासी प्रक्रिया को डिजिटल और तेज बनाने का बड़ा कदम उठाया है। अब कर्मचारियों को लंबे फॉर्म या हफ्तों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पीएफ पैसे सीधे यूपीआई के जरिए सेकंडों में ट्रांसफर होंगे। कर्मचारी अपनी यूपीआई आईडी ईपीएफओ पोर्टल या ऐप से लिंक करेंगे। शुरुआत भीम यूपीआई यूपीआई से होगी, बाद में पेटीएम, फोनपे और गूगलपे जैसे ऐप्स भी शामिल होंगे। इससे समय की बचत होगी, मेडिकल, पढ़ाई या घर की जरूरतों के लिए तुरंत पैसा मिलेगा और क्लेम रिजेक्शन कम होगा। सामान्य ट्रांजेक्शन 1 लाख रुपए प्रतिदिन, मेडिकल-एजुकेशन-आईपीओ के लिए 5 लाख रुपए प्रतिदिन। सुरक्षा पाबंदियों के साथ दुरुपयोग रोका जाएगा।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

### सेंसेक्स 301, निफ्टी 106 अंक उछला

**मुम्बई। एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही बाजार में अंतिम क्षणों में खरीददारी हावी रही जिससे बाजार उछला। इसका कारण अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के भारत से कारोबार को लेकर दिये सकारात्मक बयान को माना जा रहा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 301.93 अंक ऊपर आकर 83,878.17 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी अंत में 106.95 अंक ऊपर आकर 25,790.25 पर बंद हुआ। आज बाजार में तेजी धातु शेयरों के कारण आई। निफ्टी धातु भी 1.99 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी कमोडिटीज 1.32 फीसदी, निफ्टी पीएसई 0.86 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 0.65 फीसदी, के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी मीडिया 1.55 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 1.22 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.41 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर 0.38 फीसदी,



निफ्टी ऑटो 0.27 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।लार्जकैप की जगह आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में उछाल आया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 31.05 अंक की हल्की गिरावट के साथ 59,717.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 89.35 अंक नीचे आकर 17,193.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, ट्रेंट, एसबीआई, एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, टाइटन, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, एचसीएल टेक के शेयरों में उछाल आया जबकि इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, बीईएल, एचडीएफसी बैंक और एलएंडटी के शेयरों को नुकसान हुआ। इससे पहले आज सुबह भारतीय शेयर बाजार गिरावट पर खुला। सेंसेक्स 100 अंकों से अधिक गिरावट के साथ 83,435.31 अंक पर खुला और जैसे-जैसे दिन चढ़ा, गिरावट और बढ़ गई। इसी तरह, निफ्टी ने भी 25,669 अंक पर शुरुआत की, लेकिन जल्द ही 25,600 के नीचे फिसलने के बाद निफ्टी में 115.75 अंकों की गिरावट के साथ 25,567.55 अंक पर कारोबार हो रहा था।

## प्रीमियर एनर्जीज 11,000 करोड़ निवेश कर उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी

**नई दिल्ली। एजेंसी।** नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी प्रीमियर एनर्जीज अपने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 11,000 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी विस्तार योजना तैयार कर रही है। कंपनी वर्तमान में तेलंगाना के हैदराबाद के पास चार इकाइयों से 3.2 गीगावाट सेल और 5.1 गीगावाट मॉड्यूल का उत्पादन करती है। विस्तार के तहत, आंध्र प्रदेश में 7.4 गीगावाट सेल और तेलंगाना में 6 गीगावाट मॉड्यूल क्षमता जोड़ी जाएगी। इस विस्तार के बाद कंपनी की वार्षिक सेल क्षमता 10.6 गीगावाट और मॉड्यूल क्षमता 11.1 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। कंपनी ने विस्तार के लिए पिछले साल आईपीओ के माध्यम से 1,300 करोड़ रुपये जुटाए। इसके अलावा इरेडा से 2,200 करोड़ रुपये का ऋण और बाकी राशि आंतरिक स्रोतों से आएगी। कंपनी के एक अ?धिकारी के अनुसार भारत में कंपनी के पास अगले एक साल के लिए 13,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर बुक हैं। कंपनी अतीत में अमेरिकी बाजार में भी सेल का निर्यात करती रही है। प्रीमियर एनर्जीज चीन के बाहर सबसे बड़े एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माता बनने के लिए इन्गॉट और वेफर उत्पादन में भी प्रवेश कर रही है। यह कदम उत्पादन को अधिक सुदृढ़ बनाएगा और सरकार के सौर विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के अनुरूप है।



## सीआईआई ने केंद्रीय बजट में पीएसयू के तेज निजीकरण का आह्वान किया

**नई दिल्ली। एजेंसी।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए सरकार से अनुरोध किया है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और निवेश की बढ़ती जरूरत को देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसयू) का त्वरित और सुनियोजित निजीकरण किया जाए। उद्योग निकाय ने कहा कि निजीकरण से न केवल सरकारी धन जुटाने में मदद मिलेगी, बल्कि दक्षता, तकनीक अपनाने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुधार भी होगा। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजित बनर्जी ने कहा कि भारत के विकास पथ में निजी उद्यम और नवाचार का योगदान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि दूरदर्शी निजीकरण नीति सरकार को अपने मुख्य कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाएगी और निजी क्षेत्र को औद्योगिक परिवर्तन व रोजगार सृजन में तेजी लाने के लिए सशक्त करेगी। सीआईआई ने निजीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए चार सूत्रीय रणनीति का प्रस्ताव रखा है:

1. सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के तरीके को मांग आधारित बनाना।
2. तीन साल की समय सीमा वाली प्रक्रिया तय करना, जिससे निवेशकों को स्पष्टता मिले।
3. निजीकरण प्रक्रिया पर निगरानी के लिए मजबूत संस्थागत ढांचा बनाना।
4. गैर-रणनीतिक उपक्रमों के पूर्ण निजीकरण के लिए सुनियोजित रोडमैप लागू करना।

सीआईआई के अनुसार, 78 सूचीबद्ध सार्वजनिक उपक्रमों में सरकार की हिस्सेदारी 51प्रति. तक घटाने पर लगभग 10 लाख करोड़ जुटाए जा सकते हैं। सीआईआई ने सरकार से रणनीतिक विनिवेश नीति के शीघ्र कार्यान्वयन का आग्रह किया है, जिससे आर्थिक विकास तेज हो और भारत के औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़े।




**मेष**- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके कामों को बिगड़ने की कोशिश करेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों के मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। आपको अपने वर्कर्स पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी विरोधी की बातों में ना आएं।

**वृषभ**- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों में सफलता मिलेगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन फिर भी आपकी आय बेहतर रहेगी। आप अपने खर्च भी आसानी से कर सकेंगे। संतान के लिए आप किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आप अपने घर में सुख-सुविधाओं की चीजों पर भी अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको बिजनेस में किसी को पार्टनर बनना अच्छा रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपको किसी पैतृक संपति की प्राप्ति हो सकती है। आपके भाई के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई अच्छी डील मिल सकती है। आप अपने मित्रों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका मनोबल ऊंचा रहेगा। माताजी की सेवा के लिए आप कुछ समय निकालेंगे। परिवार में महिला मित्रों से आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। कार्यक्षेत्र में आप कोई बदलाव कर सकते हैं। आपको अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालना होगा। आपका किसी मकान आदि को खरीदने का सपना पूरा होगा। आप अपने महत्वपूर्ण कामों को समय से पूरा करने की कोशिश करें।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्सों को बढ़ाने वाला रहेगा। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी। शासन सत्ता का आपको पूरा लाभ मिलेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। आप यदि किसी काम में बिना सोचे समझे इन्वेस्टमेंट करेंगे, तो उससे आपको भविष्य में नुकसान होने की संभावना है।

**तुला**- आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। यदि आपने किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो वह भी आप आसानी से उतार सकते हैं।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर धैर्य दिखाएं। बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें, नहीं तो परिवार के सदस्यों को आपकी बात बुरी लग सकती है। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। भाई बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपका आत्मविश्वास पहले से बेहतर रहेगा। आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई-लिखाई में कुछ समस्याएं आ सकती हैं।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी दूसरे के मामले में बोलने से पहले आप सोच विचार अवश्य करें। आपको परिवार के किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है, जो आपको बुरी लग सकती है। परिवार में किसी सदस्य की यदि लंबे समय से कोई समस्या चली आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। यदि आपका धन कहीं अटका हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपका बिजनेस पहले से बेहतर रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों को आसानी से मात दे सकेंगे।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए सेहत पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप परिवार में सदस्यों की बातों को नजरअंदाज करने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के जन समर्थन में इजाफा होगा, उन्हें किसी नई योजना से जुड़ने का मौका मिलेगा। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय पुरानी बातों को लेकर ताजा करेंगे।

## शब्दजाल - 8139

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ल | र | ह | द | ब | र्निं | ग | ट्रे | न | आ |
| ज | दि | ल | म | आ | मो | ह | दो | तें | शा | म |
| अं | इ | श | दि | ल | दा | ल | उ | र | ला | ब |
| मे | क | व | ल | प | ल | क | स्ता | रि | श | न |
| स | रे | श | ज | वा | ब | स | द | ग | वी | व |
| ही | रं | अ | च | व | लि | र्त | ल | ती | प | च |
| व | रो | ल | प | गा | आं | धी | तू | फा | न | ले |
| श | वा | ज | स | ने | क | छ | र | ग | श | थ |
| छ | त्ती | स | घं | टे | न | ज | स | शा | जू | ध |
| द | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | र्मा |
| थो | बु | लं | दी | र | हो | ग | या | दु | र | त्मा |

*शब्दजाल में 'डैनी' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

मेरे अपने, छत्तीस घंटे, धर्मात्मा, द बर्निंग ट्रेन, बंदिश, दो उस्ताद, हीरो, आंधी तूफान, जवाब, बुलंदी

### शब्दजाल - 8138 का हल



## दैनिक पंचांग

**13 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 06.53 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कुंभ | 08.39 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.12 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.42 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 13.23 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 15.21 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 17.34 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 19.50 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 22.02 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 00.13 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | वृश्चिक | 02.28 ब.से |
| बजे तक | | धनु | 04.44 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 13 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 15.18 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 00.07 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शूल 19.05 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 15.18 बजे तदनन्तर बव 04.37 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 31'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872588
**जूलियन दिन** 2461053.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब
**तारीख** 23
**विशेष** भोगी पण्डिगाई, लोहड़ी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7083



**बायें से दायें:-**

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२.फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7082



Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः प्याली में कौन

यूनानी संत ऑगस्टिन एक सुबह सागर के तट पर अकेले ही घूमने निकले। तब सूर्योदय हो रहा था। रात भर जागने से उनकी आंखें थकी - मांदी थीं। सत्य की खोज में वह अपना सारा सुख - चैन खो बैठे थे। परमात्मा को पाने के विचार में उन्हें पता ही नहीं चलता था कि दिन और रात कब बीत जाते। शास्त्र , शब्द और विचार के बोझ तले वह दब गए थे। सागर के किनारे उन्होंने एक बालक को खड़ा देखा , जिसके हाथ में एक छोटी सी प्याली थी और वह किसी चिंता में डूबा था। ऑगस्टिन ने बच्चे से पूछा , 'बेटे , तुम यहां क्या कर रहे हो ?' बच्चे ने ऑगस्टिन की ओर देखा और कहा , 'पहले आप बताएं कि आप यहां क्या कर रहे हैं ? संभव है जो मेरी चिंता है , वही आपकी भी हो। लेकिन आपकी प्याली कहां है ?' ऑगस्टिन की समझ में कुछ नहीं आया। प्याली की बात सुनकर उन्हें हंसी भी आ गई। उन्होंने कहा , 'मैं सत्य की खोज में हूं और उसी के कारण चिंतित हूं।' बच्चा बोला , 'मेरी चिंता का कारण यह है कि मैं इस प्याली में सागर को भरकर घर ले जाना चाहता हूं , लेकिन सागर है कि प्याली में नहीं आ रहा।' ऑगस्टिन ने सुना तो उन्हें अपनी बुद्धि की प्याली भी दिखाई दी और सत्य का सागर भी। वह हंसने लगे और बच्चे से बोले , 'मित्र , सचमुच हम दोनों बालक ही हैं , क्योंकि बालक ही सागर को प्याली में भरना चाहते हैं और किसी न किसी सागर तट पर अपनी - अपनी प्यालियां लिए खड़े हैं। 'ऑगस्टिन आगे बढ़े और सोचने लगे वस्तुत : संसार के सभी लोग किसी न किसी रूप में सागर तट पर अपनी - अपनी प्यालियां लिए खड़े हैं। वे दूसरों को देखते हैं , जिनके पास बड़ी प्यालियां हैं , लेकिन प्याली बड़ी हो या छोटी , इससे फर्क क्या पड़ता है। सागर तो उसी को मिलता है , जो अपनी प्याली भरकर घर ले जाने की बजाय उसे सागर में ही छोड़ दे।

## सूडोकु नवताल- 7392

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7391 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली - 8607



**बाएँ से दाएँ**

1. जी, इच्छा, चित्त-2
2. तन, बदन, देह-3
4. अग्निदग्ध-2
6. रनिवास (उर्दू-3)
7. स्नान करना-3
8. विश्राम-3
9. राजा, सम्राट-3
10. वचन, प्रतिज्ञा-3
11. तरंग, हिलोर-3
13. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14. सही का विलोम-3
15. सद्पुरुष-2
16. पाठ, शिक्षा-3
17. कर्ता, कार्य करने वाला-3
18. इज्जत, मान, सम्मान-3
19. सब कुछ छीन लेना-2
20. भवन, प्रासाद-3
21. वजह-3
23. खेल दिखाने वाला-2
24. पेन, लेखनी-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. राय, वोट, अभिप्राय-2
2. लाज. लज्जा-2
3. 500 कागजों की गड्डी -2
4. दुनिया, जगत-3
5. लेकर आना-2
6. अवैध, नाजायज-3
7. निगाह, दृष्टि-3
8. बैठने की जगह-3
9. आराम, मदद-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. लगन, जिद, उत्साह-3
12. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14. जवान, तरुण-3
15. रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16. दुर्बल का विलोम-3
17. वजह-3
18. पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19. रनिवास (उर्दू-3)
20. जी, इच्छा, चित्त-2
21. समयगति-2
22. देह, बदन-2

### शब्द पहेली -8606 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# टेमनी के चौंदाटोला में प्रतिमा स्थापना को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

## पूर्व विधायक किशोर समरीते ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**

जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत टेमनी के चौंदाटोला में विगत दिनों क्षत्रपति संभाजी महाराज की प्रतिमा स्थापना के स्थान को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला राजस्व विभाग व पुलिस थाने तक पहुंच गया एवं अब भी मामला शांत नहीं हुआ है, जिस पूर्व विधायक एवं संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लांजी विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत टेमनी के ग्राम चौंदाटोला में दो समुदाय के बीच आपसी टकराव चल रहा है एक संभाजी महाराज की प्रतिमा को लेकर और एक सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा को लेकर। सवाल यह है कि जहां प्रतिमा लग रही है



वह राजस्व की भूमि है, किसी की दान की हुई भूमि नहीं है। गांव वाले दो समुदाय लड़ रहे हैं किसी के पास भी मूर्ति लगाने कलेक्टर की परमिशन नहीं है। चूंकि यह भूमि राजस्व की है एवं इसमें कलेक्टर को देखना चाहिए कि बिना परमिशन के यहां मूर्ति कैसे लग रही है। दूसरी बात जहां मूर्ति लग रही है उक्त विवादित स्थल पर एसडीएम एवं पुलिस प्रशासन को भेजकर जो लोग उसमें इनवाल्व है उनके खिलाफ अपराधिक मामला कायम किया जाना चाहिए, और जो लोग छोटी छोटी बातों को लेकर तनाव उत्पन्न कर रहे हैं उन सभी के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहिए। और जो महापुरुषों की मूर्तियां हैं उसको अपने कब्जे में लेकर वहां शांति कायम करने के लिए बीएनएसएस की धारा 163 लागू करने के आदेश देना चाहिए।

# सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति के सचिव विजय रामटेक्कर, नयनसुख प्रांत ग्राम विकास, ठाकुरदास लिल्हारे सदस्य, रमेश आसटकर उपस्थित रहे। विद्यालय के आचार्य-आचार्यो, विद्यार्थियों एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास किया गया। मुख वक्ताओं नयनसुख जी व श्री लिल्हारे जी ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण एवं सेवा भाव का संदेश दिया। साथ ही बताया गया कि योग , स्वस्थ शरीर और सशक्त मन के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को जीवन में उतारने का सशक्त माध्यम है। योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाया गया। सभी विद्यार्थियों को नियमित योग एवं अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का



उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना रहा। प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिनमे विवेक है उन्हें ही आनंद की प्राप्ति होगी और वहीं भविष्य के विवेकानंद होंगे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर न्यायाधीश द्वारा छात्र-छात्राओं को दी विधिक जानकारी

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्राणेश कुमार प्राण एवं सतीश शर्मा, न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के मार्गदर्शन में प्रीतम शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय लांजी के तत्वाधान में 12 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटी (नंदोरा) में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायाधीश महोदय द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का महत्व एवं स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालकर छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से परिचय कराया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा स्वामी विवेकानंद जी के वक्तव्य उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये, का संदेश देकर छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संवैधानिक मूल अधिकार एवं हमारे मौलिक कर्तव्य, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय दंड संहिता, महिलाओं के विधिक अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम 2015, लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम, पाक्सो एक्ट, अपराध एवं अपराध की श्रेणी, घरेलू हिंसा एवं विधिक सेवा संस्था की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। साथ ही ड्रग अवेयरनेस वेलनेश नेविगेशन अर्थात जागरूकता और वेलनेश नेविगेशन ड्रग मुक्त भारत योजना, 2025 के संबंध में अपील की कि नशे के उपयोग से स्वयं, परिवार, एवं परिसर को बचाने का प्रयास करें तथा जन-जागरूकता फैलाये ताकि समाज, गांव एवं देश नशा मुक्त हो सके। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य एस.एस. धारणे, शिक्षकगण ए.एल. मानकर, बी.के. मेहरबान, एस.आर. धारणे, सुश्री जनु मेघे, विनोद रणदिवे, सुरेन्द्र कुमार बावनथडें, उमेश लिल्हारे एवं अन्य समस्त शिक्षक / शिक्षिकाएं स्टॉफ, ग्राम पंचायत घोटी सरपंच श्रीचंद कामड़े, पीटीए अध्यक्ष सम्पतलाल चौधरी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और मेहनत युवाओं के जीवन की आधारशिला हैं - राजकुमार कर्राहे

## विधायक कर्राहे की उपस्थिति में उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर मुख्यालय में संचालित अग्रणी शिक्षण संस्था शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं गरिमा मय माहौल में विधायक राजकुमार कर्राहे के मुख्यातिथ्य में मनाई गई। सभी उपस्थित जनों के द्वारा सामुहिक सुर्य नमस्कार कर योग किया गया। विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और विचारों पर चलने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक राजकुमार कर्राहे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, शिक्षक संघ अध्यक्ष श्रीमती रेखा शुक्ला, उपाध्यक्ष पवन कंकरायेने, विद्यालय के प्राचार्य डी के फुल्लारे सहित आमंत्रित अतिथि गण, शिक्षक शिक्षिकाऐं, कार्यालयीन स्टाफ एवं समस्त छात्र छात्राओं की उपस्थिती में कार्यक्रम का शुभारंभ उक्त अतिथियो के द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत वंदन किया गया। मंचासीन कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के द्वारा मध्यप्रदेश गान, राष्ट्रगीत, स्वामी विवेकानन्द जी, भारत माता जयघोष के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम की शुरूवात की गई। संपूर्ण वातावरण राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत नजर आया। कार्यक्रम की अग्रिम रूप रेखा में मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन ऑनलाईन माध्यम से सभी को सुनाया गया। इसके उपरांत विद्यालय में पदस्थ खेल शिक्षक रामगोपाल नागपूरे एवं योग सहयोगी ए.आर. फूंडे द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा अतिथियों को सामूहिक सूर्य नमस्कार व योगाभ्यास कराया गया।



युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजकुमार कर्राहे ने संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा ही देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और बच्चों में निहित प्रतिभा से ही भारत का भविष्य संवरता है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और मेहनत युवाओं के जीवन की आधारशिला हैं। उन्होंने बच्चों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने, सकारात्मक सोच रखने तथा लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं को नशे और गलत आदतों से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ विचारों से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह और जोश देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य डी. के. फुल्लारे ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर आधारित चर्चा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से वरिष्ठ शिक्षक एस.आई. बनोठे द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगांव में मनाया स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम बोलेगांव में संचालित सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगांव में स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में बडे ही हर्षोल्हास एवं गरिमामय माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे सर एवं ग्राम के गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी का पूजन एवं उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक -शिक्षिकाओ,उपस्थित अतिथियों द्वारा आर्ट आफ लिविंग के सदस्यों भानुप्रताप एवं अन्य सदस्यों के सान्निध्य में सूर्य नमस्कार की सभी मुद्राओं को किया। साथ ही इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक - शिक्षिकाओ द्वारा स्वदेशी अभियान को सफल बनाने हेतु स्वदेशी संकल्प लिया एवं ग्राम में रैली निकालकर ग्राम वासियों को अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर पर संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे द्वारा अपने संबोधन में सभी को अपने जीवन में योग को सम्मिलित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी अपने दैनिक जीवन में योग एवं सूर्य नमस्कार को अपनाएं तो जीवन निरोगी एवं दीर्घायु होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाएओं, छात्र छात्राओं एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिती रही।




# शासकीय माध्यमिक शाला सहेकी में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** विकासखंड लांजी अंतर्गत ईपीएस शासकीय माध्यमिक शाला सहेकी में शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाकर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के साथ योग के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला सहेकी एवं शासकीय प्राथमिक शाला सहेकी टोला के समस्त छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकगणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने अनुशासनबद्ध रूप से सूर्य नमस्कार की सभी 12 विधाओं का पूर्ण अभ्यास किया, जबकि प्राथमिक शाला के नन्हे विद्यार्थियों ने दर्शक के रूप में कार्यक्रम का अवलोकन कर योग के प्रति रुचि दिखाई। कार्यक्रम की सफलता में शाला प्रबंधन समिति का भी सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती विमला घोरमारे, उपसरपंच दामोदर बल्लारखेडे एवं पंचगण, संतोष रुधवे ने स्वयं सूर्य नमस्कार में सहभागी बनकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया। सूर्य नमस्कार अभ्यास का कुशल निर्देशन शिक्षक गणेश यादव, जैलाल धारणे, गिरधारी धुवारे, चुन्नीराम धारणे, उमेश लिल्हारे, राजेन्द्र ढोक, मनीराम घोरमारे, महेश नगपुरे, पुरषोत्तम सोनवाने, श्रीमती ऊषा उपराडे, श्रीमती लता टेभरे द्वारा किया गया, जिनके मार्गदर्शन में सभी विद्यार्थियों ने सही विधि एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने तथा स्वस्थ, सशक्त एवं अनुशासित जीवन शैली अपनाने का संकल्प लिया गया। आयोजन से विद्यालय परिसर में अनुशासन, ऊर्जा एवं सकारात्मकता का वातावरण देखने को मिला।




# सीबीएसई विद्यालय पाली अकादमिक संस्थान में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

## छात्र छात्राओं ने सूर्य नमस्कार की 12 विधाओं को सीख जाना योग का महत्व

पद्मेश न्यूज। लांजी। सी.बी.एस.ई. विद्यालय, पाली अकादमिक संस्थान में संस्थान की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य, प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा कांड्रा, प्रबंधक संजय चौरे समस्त शैक्षणिक स्टाफ तथा विद्यालय में अध्यनरत् छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस卐 के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत संचालिका, प्राचार्य, प्रबंधक तथा शिक्षकों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्पअर्पित कर की गई। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा योग प्रशिक्षक तरूण तिलवार , निश्चल दोनोड़े , राजा विजयवार , एवं महेन्द्र ऐडे के मार्ग दर्शन में सूर्य नमस्कार के बारह आसनों का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर श्रीमती वंदना वैद्य द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में एवं उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया गया की हर वर्ष 12 जनवरी को युवओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई जाती है। इस दिन को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंती पर पूरा देश विश्व को भारतीय संस्कृति की उतकृष्टता का दर्शन कराने वाले इस महान संत को नमन कर रहा है। स्वामी विवेकानंद ने वेदांत और योग पर भारतीय दर्शन से पश्चिमी दुनिया का परिचय कराया। वे युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते थे। उनके विचारों ने युवाओं के चरित्रनिर्माण और उनमें राष्टीयता का भाव जागृत करने में अहम भूमिका निभाई। 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद ने शिकागो की धरती से पूरे विश्व को भारत का संदेश दिया था और भारतीय दर्शन से सबका परिचय कराया था। उनके शब्द आज 133 साल बाद भी सबको प्रेरणा देते है और आगे भी प्रेरित करते रहेंगे। भारत और उसकी संस्कृति के साथ-साथ विश्व बंधुत्व के जिस भाव को उन्होंने जगाया था वह आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। संस्थान में आयोजित, इन समस्त क्रियाकलापों का आयोजन संस्थान की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य की अध्यक्षता, प्रबंधक संजय चौरे तथा प्राचार्य श्रृद्धा कांड्रा के मार्गदर्शन तथा समस्त शैक्षिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के सहयोग से किया गया।



लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालाघाट में स्वदेशी संकल्प सभा हुआ

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के वर्चुअल कक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वदेशी संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा सरस्वती वंदना के साथ की गई। स्वागत संबोधन में प्राचार्य डॉ. मराठे ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पी. एस. कातुलकर ने युवाशक्ति के महत्व पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भरता एवं जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ललित ऐड़े, संयोजक स्वदेशी अभियान समिति द्वारा विद्यार्थियों को स्वदेशी संकल्प की प्रतिज्ञा दिलाई गई तथा स्वदेशी वस्तुओं एवं ज्ञान के उपयोग को अपनाने का संदेश दिया गया।

विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती रानी अमूले, प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी बालाघाट, महिला उद्यमी श्रीमती जयश्री सोनवाने (संचालक, रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन) एवं आदित्य रहांगडाले ने स्वामी विवेकानंद जी से जुड़ी प्रेरक घटनाओं का उल्लेख करते हुए राष्ट्र निर्माण में स्वदेशी अभियान की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्राशु गौतम, अतिथि विद्वान (इतिहास) द्वारा किया गया। अंत में डॉ. शाजिया तबस्सुम, सहायक प्राध्यापक प्राणिशास्त्र ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## पीएम श्री स्कूल सोनपुरी एवं सीनियर बालक छात्रावास में किया गया सूर्य नमस्कार



पद्मेश न्यूज। उकवा। 12 जनवरी को हर साल स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस भी मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के बारे में जानने और युवाशक्ति को प्रेरित करने का है। 1897 में जब किसी ने स्वामी विवेकानंद से पूछा कि स्वामी जी मेरा धर्म क्या है? तो उन्होंने उत्तर दिया था कि गुलाम का कोई धर्म नहीं होता, अगले 50 वर्षों तक सिर्फ भारत को गुलामी से आजाद कराना ही तुम्हारा धर्म है। उनके विचार आज भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। यही वजह है कि उनकी जयंती पर स्कूलों-कॉलेजों में निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता होती है।

इसी आधार पर ग्राम सोनपुरी के पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय सोनपुरी एवं सीनियर बालक छात्रावास उकवा में सूर्य नमस्कार किया गया जिसमें उपस्थित समाज सेवी संदीप गजभिये प्रधान पाठक शोभाराम तेकाम सर योग शिक्षिका पूनम बिसेन, पीटी आई अजित, रामेश्वरी राणा अभय यादव, ज्योति वरकड़े, पूर्णिमा रहाँगडाले, भूपेंद्र परते, सागर तेकाम, प्रमोद मरकाम, तिमेश तेकाम एवं स्कूली बच्चे एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे!

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बिरसा तहसील शाखा का गठन सम्पन्न

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया तहसील महामंत्री बिरसा,सी एल मेश्राम ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय बौद्धों के सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक संगठन दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा देश के समस्त राज्जो, जिलो, तहसील, नगर, ग्राम, वार्ड शाखाओं में संस्था की शाखाओ का गठन कर समाज के अंतिम धम्म बंधुओ तक समस्त महापुरुषों की विचारधारा पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।इस कार्य के लिए संस्था के मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे कई माह से अपनी टीम के साथ चिंतन कर रहे थे,गठन की जवाबदारी जिला शाखा के सचिव,आर डी देशभरतार एवं धरम श्याम कुवर जिला सचिव को दी,जिन्होंने अपने लोगो के बीच जाकर जानकारियों देकर सभी मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया।गठन हेतु जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ढेंगरे के निर्देश से बिरसा निवासी चैनलाल मेश्राम, सुंदर लाल अंगारे, एवं एस.एल मेश्राम को संयोजक बनाकर उनके सहयोग से देशभरतार एवं श्याम कुवर ने एक बैठक आयोजित कर बिरसा तहसील शाखा गठन कार्यकारिणी की घोषणा की,जिसमें अध्यक्ष दीपक बनसोड महासचिव सी. एल.मेश्राम, उपाध्यक्ष-दुर्गेश अंगारे-आयुनी अरुणा बनसोड- यशवंत बनसोड, कोषाध्यक्ष यशवंत बनसोड, कार्य.सचिव रामकुमार मेश्राम, सचिव-जयंतीलाल भौतमांगें,हेमलता बनसोड़, विमला बनसोड, सुजाता रावतकर, शन्तकला डोंगरे, जितेंद्र डहाटे, सिद्धार्थ घरडे, मोनू रामटेके, लेखा परीक्षक देवेश्वर कामडे, संगठक-सुधीर बनसोड बाबूराव वैध, रामू मेश्राम, मयादास गेडाम,कार्यकारिणी सदस्य-अशोक ऊके, महेंद्र रावतकर, आदर्श वाहने, चंद्रकांत नागवंशी, कृष्णा रावतकर, संध्या कामडे आदि की नियुक्तिया की।सभी ने गठन पूर्व संस्था की सदस्यता ग्रहण कर बिरसा तहसील क्षेत्र में धम्म संस्था के माध्यम से निष्ठा से धम्म कार्य गतिमान करने का संकल्प लिया,इस गठन समारोह में बैहर से संस्था के तहसील अध्यक्ष के आर सोनटक्के, सचिव के एल धाकड़े सचिव, सूरजलाल मेश्राम क्षेत्र के अशोक नागदेवे सहित भारी संख्या में अनुयायि शामिल रहे।



## स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार



पद्मेश न्यूज। कटंगी। राष्ट्रीय युवा दिवस हर साल 12 जनवरी को महान आध्यात्मिक नेता, दार्शनिक और विचारक स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती के अवसर पर विकासखंड कटंगी के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया गया। नगर के संदीपनी स्कूल में एसडीएम के.सी.ठाकुर, तहसीलदार राकेश प्रजापति, प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, उप-प्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल, माध्यमिक शाला प्रमुख वाय.के.गढ़पाण्डे, युवा नेता अवलेश पारधी, संदीप शर्मा, भूपेन्द्र ठाकुर, देवीप्रसाद तिवारी की प्रमुख उपस्थिति में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र की पूजा अर्चना के साथ सुबह साढ़े 09 बजे हुई। नगर के शक्ति विद्या मंदिर स्कूल में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन के मुख्य आतिथ्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। यहां भी बच्चों ने उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। जिला पंचायत सदस्य ने योग के फायदे बताए।

इस दौरान रेडियो के जरिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उदबोधन का प्रसार किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि योग जीवन को उत्कृष्टता की ओर ले जाने का मार्ग है। स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को आत्मसात कर युवा साथी व्यक्तित्व निर्माण करें और 'विकसित मध्यप्रदेश-विकसित भारत' के लिए तैयार हों। पेड़ लगाए, पानी बचाएं, नशे से दूर रहे और प्रतिदिन आधा घंटा व्यायाम करें और एक खेल जो आपको पसंद आए वह अवश्य खेलें। संतुलित आहार ले और जंक फूड से दूर रहे। महिलाओं, बच्चों और बुर्जुगों के प्रति संवेदनशील रहे। अपनी भावनाओं को मित्रों और परिजनों के साथ साझा करें। हम निराशा से नहीं आशाओं से भरे रहे। व्यक्तित्व के साथ चरित्र का भी निर्माण करें। विकासखंड के तमाम स्कूलों में आज स्वामी विवेकानंद के विचारों पर केंद्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर मुलना स्टेडियम में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार हुआ

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को मुलना स्टेडियम बालाघाट में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महान चिंतक और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कलेक्टर मृणाल मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक सराफ, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, गौरीशंकर बिसेन, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सिंह ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया।

इस अवसर पर कलेक्टर मृणाल मीना ने अपने संबोधन में कहा कि सूर्य नमस्कार एक प्रभावी योग अभ्यास है, जो शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। नियमित सूर्य नमस्कार से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और व्यक्ति अनेक बीमारियों से सुरक्षित रहता है। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों से नियमित रूप से सूर्य नमस्कार अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे पढ़ाई का तनाव भी कम होता है और मानसिक मजबूती बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ सूर्य नमस्कार कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन में योग, अनुशासन और युवा चेतना का प्रेरणादायक संगम देखने को मिला।

## शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ सूर्य नमस्कार का आयोजन

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा,मध्यप्रदेष भोपाल के पत्र क्रमांक 46/08/आउषि/अकादमी/2026 दिनांक 09/01/2026 के अनुसार शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में दिनांक 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर डॉ. सुनिता जैन (प्राचार्य) के मार्गदर्षन एवं महाविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी के उपस्थिति में प्रात: 09:00 बजे सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर डॉ. सुनिता जैन प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि सुर्य नमस्कार से शारीरिक व मानसिक लाभ प्राप्त होता है अतएव हम सभी को प्रतिदिन करना चाहिए सूर्यनमस्कार के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से रन फार स्वदेषी के तहत दौड़ का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वदेषी संकल्प दौड़ सिर्फ दौड़ नही बल्कि आत्मनिर्भर भारत और पूर्ण रोजगार युक्त भारत निर्माण का जन-आंदोलन है। रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर संविधान चैक किरनापुर तक गयी। इस रैली में स्वदेषी के नारे लगाकर विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और स्वदेषी मुल्यो, उद्यमिता, कौषल विकास, शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य अनुषासन तथा राष्ट्र निर्माण हेतु भागीदारी की प्रेरणा ली। विवेकानंद जी के "उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रूको-मत" के संदेश को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय मे समस्त अधिकारी, कर्मचारी एंव राष्ट्रीय सेवा योजना मे विद्यार्थियों का विषेष योगदान रहा।



## शासकीय एकीकृत हाई स्कूल नांदी में राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम



पद्मेश न्यूज। नांदी। शासकीय एकीकृत हाई स्कूल, नांदी में 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करना तथा अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विद्यालय प्रांगण में हुई, जहां छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ ने एक साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार की सभी क्रियाओं को अनुशासन और एकाग्रता के साथ संपन्न किया। पूरा वातावरण ऊर्जा, सकारात्मकता और उत्साह से सराबोर नजर आया।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा कि

सूर्य नमस्कार केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन को संतुलित रखने की कला है। यदि विद्यार्थी प्रतिदिन इसे अपनाएं, तो वे शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बन सकते हैं।

वहीं एक शिक्षक नंदकिशोर पटले ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा ही देश का भविष्य है। योग और अनुशासन से जुड़कर ही युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा दे सकता है। स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए हमें स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है।

विद्यालय प्रशासन ने भी विद्यार्थियों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, एकाग्रता और टीम भावना को विकसित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नियमित रूप से योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

नांदी के शासकीय एकीकृत हाई स्कूल में आयोजित यह सूर्य नमस्कार कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश बना, बल्कि राष्ट्रीय युवा दिवस के मूल भाव—सशक्त युवा, सशक्त राष्ट्र—को भी साकार करता नजर आया।

इस कार्यक्रम में स्कूल स्टॉफ में प्रभारी प्राचार्या श्रीमती हेमलता एढ़े,श्रीमती जयश्री पटले,नंदकिशोर पटले,एन शिवराज बड़ीपात्रे,रूपमश्री गौचंद,विजय अगासे उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर पोस्टर व क्यूआर कोड का हुआ विमोचन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट में विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं विधिक सहायता से संबंधित पोस्टर व क्यूआर कोड के विमोचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेष कुमार प्राण रहे।

इस अवसर पर प्राणेष कुमार प्राण ने राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 12 जनवरी का दिन देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का संदेश देता है। स्वामी विवेकानंद द्वारा अपने जीवनकाल में दिए गए विचार और व्याख्यान आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि देश की सेवा केवल सीमा पर युद्ध लड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर देश को आगे बढ़ाना भी सच्ची राष्ट्रसेवा है। युवाओं को महान पुरुषों से प्रेरणा लेकर निरंतर भविष्य निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि



भारत विश्व गुरु बन सके।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विधि से संबंधित कैरियर के अवसरों पर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया और विधि के विद्यार्थियों को समाज के प्रति उनके दायित्वों से अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि बालाघाट मध्यप्रदेश का प्रथम जिला है, जहां विधिक सहायता के संबंध में आमजन से फीडबैक प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया है। इस क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिक विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जा रही सेवाओं पर अपनी प्रतिक्रिया एवं सुझाव दर्ज कर सकेंगे। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाले पोस्टरों का भी विमोचन किया गया, जिससे आमजन को विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी सरल रूप में प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) रघुबीर प्रसाद पटेल, प्रथम जिला न्यायाधीश गौतम सिंह मरकाम, द्वितीय जिला न्यायाधीश डी.एन. सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीष शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती तारा मार्को, अविनाश छारी, श्रीमती शिखा शर्मा, श्रीमती शीनी जैन, शुभम जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेंद्र मोहन धुर्वे, विधि महाविद्यालय के व्याख्याता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्टाफ, पुलिस अधिकारी, पैरालीगल वॉलेंटियर्स, कर्मचारीगण, न्यायिक कर्मचारी तथा विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शासकीय हाई स्कूल देवलगांव में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

पद्मेश न्यूज। लांजी । युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार शासकीय हाई स्कूल देवलगांव में 12 जनवरी 2026 को योग दिवस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम शाला के प्राचार्य आर. के. बेंजामिन एवं एसएमडीसी अध्यक्ष पूरणलाल बागडकर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी एवं मां सरस्वती के चित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात शासन के निर्देशानुसार रेडियो के माध्यम से योग दिवस का प्रसारण सुना गया।

उल्लेखनीय है कि शासकीय हाई स्कूल देवलगांव में कक्षा छठवीं से दसवीं तक की कक्षाएं संचालित होती हैं, जिसमें विद्यालय के अधिकांश छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम में सहभागिता की। निर्धारित समय अनुसार योग का संचालन शाला के योग शिक्षक एस. एल. घोरमारे द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन योग करने की सलाह भी दी गई।

यह योग कार्यक्रम प्रातः 9:30 बजे से 10:30 बजे तक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शाला के समस्त स्टाफ के साथ-साथ शासकीय प्राथमिक शाला देवलगांव एवं शासकीय प्राथमिक शाला चमार टोली से प्राचार्य आर. के. बेंजामिन, एस. एल. घोरमारे, ईश्वरी प्रसाद कुशले, शैलेश नागदेवे, दुधराम चौधरी, भोलाराम घोरमारे, सविता टेंभरे, डाली भाजीपाले, प्रीति नागफासे, अनीता चौरागढ़ एवं कांति जीवतोडे उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया।





# 'सब झूठ है', भारत यात्रा पर बीसीबी के सुरक्षा दावों को आईसीसी ने बताया बेबुनियाद; विश्वकप से पहले विवाद

नई दिल्ली।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत यात्रा को लेकर बांग्लादेश की तरफ से किए गए दावों को सिरे से खारिज कर दिया और उन्हें पूरी तरह झूठ करार दिया। बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने सोमवार को दावा किया था कि खेल की वैश्विक संस्था ने भारत यात्रा को लेकर बांग्लादेश की विशिष्ट सुरक्षा चिंताओं को स्वीकार किया है। हालांकि, आईसीसी ने साफ शब्दों में कहा है कि उनके बयान का वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है।



### आईसीसी ने नकारा बांग्लादेश का दावा

हालांकि, आईसीसी ने इस दावे को पूरी तरह नकार दिया। आईसीसी के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, 'आईसीसी और बीसीबी के बीच सुरक्षा को लेकर आंतरिक बातचीत जरूर हुई है, लेकिन आसिफ नजरुल ने जो कहा वह पूरी तरह झूठ है। आईसीसी के किसी भी औपचारिक संचार में मुस्ताफ़िज़ुर की टीम में मौजूदगी को लेकर कोई चिंता नहीं जताई गई है।'

### कहां से हुई विवाद की शुरुआत?

टी20 विश्व कप की शुरुआत फरवरी में होनी है, लेकिन बांग्लादेश ने भारत का दौरा करने को लेकर असहजता जताई है और सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने मैच सह-मेजबान श्रीलंका में कराने का अनुरोध किया है। बीसीबी ने यह निर्णय उस वक्त लिया जब बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स से बीसीसीआई के निर्देश पर रिलीज कर दिया गया। इसके पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया, हालांकि यह फैसला बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित हमलों की खबरों के बीच आया।

### बीसीबी ने किन तीन मुद्दों का किया जिक्र?

नजरुल ने ढाका में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्थानीय अखबार डेली स्टार के हवाले से कहा था कि आईसीसी की सुरक्षा टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को एक पत्र भेजा है, जिसमें तीन बिंदुओं का जिक्र किया गया है।

अगर तेज गेंदबाज मुस्तफिज़ुर रहमान को टीम में शामिल किया जाता है।

अगर बांग्लादेशी समर्थक राष्ट्रीय जर्सी पहनकर घूमते हैं।

जैसे-जैसे बांग्लादेश में चुनाव नजदीक आएंगे,तो बांग्लादेश टीम के लिए सुरक्षा खतरा बढ़ सकता है।

# विराट के साल 2027 एकदिवसीय विश्वकप में खेलने की काफी संभावनाएं - डोनाल्ड

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। डोनाल्ड ने कहा कि जिस प्रकार की फिटनेस 36 साल की उम्र में विराट की है उसका कोई सानी है। मुझे लगता है कि उन्होंने समय से पहले ही टेस्ट से संन्यास ले लिया। वह चाहते तो अभी काफी समय तक टेस्ट क्रिकेट खेल सकते थे। वहीं साल 2027 के एकदिवसीय विश्व कप को लेकर कहा कि उसमें उनके खेलने की पूरी संभावनाएं हैं। डोनाल्ड ने कहा कि विराट खेल को लेकर काफी जुनूनी हैं औ यह बात उन्हें विश्वकप खेलने प्रेरित करेगी। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने साल 2014-15 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का गेंदबाजी कोच रहते हुए भी विराट के साथ काफी खेला है। उन्होंने कहा, 'मैंने फिटनेस और खेल को लेकर विराट जितना काम किसी अन्य को करते नहीं देखा । मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मैं अक्सर ड्रेसिंग रूम में इस बारे में बात करता हूं कि वह अपने को फिट रखने के मामले में चैंपियन है। कोई भी उनके जितना प्रयास नहीं करता। वह किसी मशीन की तरह नजर आते हैं। मुझे टेस्ट मैचों में उनकी कमी महसूस होती है। मुझे लगता है



उन्होंने थोड़ा जल्दी संन्यास लिया, लेकिन मुझे कोई संदेह नहीं कि हम उन्हें सीमित ओवर प्रारूप के क्रिकेट और विश्व कप में खेलते हुए देखेंगे। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने यह भी कहा कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका ने एक संतुलित और अच्छी टीम चुनी है। सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाला ये टूर्नामेंट बेहद रोमांचक रहेगा। मुझे लगता है कि भारत में दुनिया के सबसे अच्छे टी20 विकेट हैं। किसी भी गेंदबाज के लिए वहां खेलना बेहद कठिन है। मैंने आईपीएलमें भी देखा है कि पावर प्ले में 124 रन बनना कितना कठिनपहोता है। यह बल्लेबाजी की कला का ही कमाल है। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, 'अगर आप भारत में सोच समझकर गेंदबाजी करे तो उससे जीत की संभावना रहेगी। मुझे उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका फाइनल तक पहुंचेगी। डोनाल्ड ने एसए 20 लीग की पिछली चार सत्रों में हुई प्रगति की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में यह लीग और विकसित होगी। उन्होंने कहा, 'हम इसके लिए काफी समय से इंतजार कर रहे थे। मुझे पिछले साल डरबन सुपर जायंट्स के साथ जुड़ने का अवसर मिला था। उनके ड्रेसिंग रूम का माहौल आईपएल जैसा महसूस होता है। यह टूर्नामेंट अभी आईपीएल जितना बड़ा नहीं है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका में ये सबसे बेहतर टूर्नामेंट है।

# कैरियर के अंतिम चरण में भी विराट में गजब का है जुनून -शास्त्री

वडोदरा। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह करियर के अंतिम चरण में भी ऐसे खेल रहे हैं जैसे की शुरुआत में खेलते थे। उनके खेल में वही जुनून और गंभीरता व रनों की भूख दिखती है जो किसी खिलाड़ी के करियर की शुरुआत में देखी जाती है। उनकी फिटनेस और मैच में अपना सौ फीसदी योगदान देना अलग ही नजर आता है। शास्त्री ने कहा कि कोहली का तो ये रूटीन है और उन्होंने भारतीय के कप्तान शुभमन गिल को लेकर कहा कि वह अगला कोहली होगा।



इस मैच में विराट और शुभमन की साझेदारी कमाल की रही। जब दोनों बल्लेबाजी कर रहे थे तभी कमेंटेटर ने पूछा, भारत के इस आधुनिक महान क्रिकेटर से नई पीढ़ी क्या सीख सकती है? इसी को देखते हुए शास्त्री ने विराट की जमकर प्रशंसा की।

शास्त्री ने कहा, 'एक समय पर एक ही चीज पर ध्यान। जब मैं टीम के साथ कोच के तौर पर था तब मैंने देखा कि मेहनत में कोई उनसे आगे नहीं है। मैंने देखा है कि वह कैसे काम करते हैं। सुबह में कितने कैच पकड़ते हैं। आउटफील्ड में कैच फिर कीपर के ग्लव में थ्रो। उनकी बैटिंग और बाकी सारी चीजें, ये तो रूटीन है बस।' शास्त्री ने साथ ही कहा, 'विराट की तरह का पेशेवर रुख कसी योजना से नहीं आता। ये एक प्रणाली है। ये अंदर से क्रिकेट को जीने का तरीका है। अगर शुभमन को भी इसी रास्ते पर जाना है तो उन्हें इससे अच्छी तरह देखना होगा।

## सुंदर की जगह आयुष बडोनी बचे हुए दो एकदिवसीय मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल

मुम्बई ।दिल्ली के युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी को पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली है। बडोनी को ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जगह पर न्यूजीलैंड के खिलाफ बचे हुए दो एकदिवसीय मैचों के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। बडोनी ने पिछले कुछ समय में दिल्ली की ओर से घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं ऑलराउंडर सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये हैं। बडोनी के चयन से साफ है कि प्रबंधन घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन को कितना महत्व देता है। सुंदर को पहले एकदिवसीय में क्षेत्ररक्षण करते समय बाईं निचली में चोट लग गयी थी। इसी कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। वह हालांकि बल्लेबाजी के लिए लौटे पर सहज नहीं दिखे। जांच में उनकी चोट गंभीर पायी गयी है।



वहीं पहली बार टीम में शामिल 26 साल के बडोनी घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में अपने शांत स्वभाव और मैच फिनिश करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। वह अब राजकोट में टीम से जुड़ेंगे, जहां दूसरा वनडे खेला जाना है।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आयुष बदोनी।

# अब तमिलनाडु और केरल में बांग्लादेश के मैच आयोजित कर सकता है आईसीसी

दुबई ।बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपने मैच भारत से बाहर कराने की मांग की है। बीसीबी ने कहा है कि वह सुरक्षा कारणों से भारत में अपनी टीम नहीं भेज सकता। इसलिए उसके मैच श्रीलंका में कराये जायें। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इसके लिए तैयार नहीं है। विश्व कप में अब काफी कम समय है। जिसको देखते हुए आईसीसी चाहता है कि बांग्लादेश के मैच भारत में ही कराये जाये पर मैच स्थल बदल दिये जाये। इसी को देखते हुए आईसीसी वैकल्पिक स्थलों के तौर पर तमिलनाडु और केरल में मैच रखना चाहता है। इसी को देखते हुए उसने क्रिकेट संघ और केरल क्रिकेट संघ से भी संपर्क किया है, जिससे बांग्लादेश के मैचों को चेन्नई और तिरुवनंतपुरम में स्थानांतरित किया जाये। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) और केरल क्रिकेट संघ (केसीए) भी बांग्लादेश के मैचों को कराने के लिए तैयार है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में पहले से ही 7 मैच होने हैं। टीएनसीए के अनुसार उनके पास 8 पिचें हैं, इसलिए उन्हें बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी में कोई परेशानी नहीं होगी। वहीं केरल क्रिकेट संघ ने भी कहा है कि वह बांग्लादेश के मैचों के लिए तैयार है। वहीं हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी आईसीसी के सामने प्रस्ताव रखा कि अगर बांग्लादेशी टीम भारत नहीं जाती है तो इन मैचों की मेजबानी के लिए पीसीबी तैयार है। गौरतलब है कि टी20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश को भारत में चार लीग मैच खेलने हैं। इसमें से तीन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले गये हैं जबकि जबकि एक लीग मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रखा गया है। टी20 विश्व कप के वेन्यू को लेकर ये पूरा विवाद बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किये जाने से शुरु हुआ। इसके बाद से ही बांग्लादेश बोर्ड ने कहा कि वह सुरक्षा कारणों से अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा।

International Cricket Council

## टीम प्रबंधन चाहता है कि मैं गेंदबाजी साथ ही बल्लेबाजी पर भी ध्यान दूं - हर्षित राणा

वडोदरा। यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए पहले एकदिवसीय मैच में हर्षित राणा ने अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर अपने चयन को सही साबित किया है। हर्षित के इस प्रदर्शन से भारतीय टीम ने पहले एकदिवसीय में चार विकेट से जीत हासिल की थी। हर्षित के अनुसार टीम प्रबंधन ने उन्हें गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी का भी अभ्यास करने कहा है जिससे वह जरूरत पड़ने पर रन बना सकें। राणा ने कहा, प्रबंधन चाहता है कि वह एकदिवसीय में एक भरोसेमंद ऑलराउंडर के तौर पर उभरें। विकेट लेने के साथ ही वह निचले क्रम में भी कुछ रन बना सकें। साथ ही कहा कि अनुभवी खिलाड़ियों के इस प्रकार भरोसा करने से मेरा मनोबल भी बढ़ा है। राणा ने कहा, अब मेरा काम है कि मैं लगातार मेहनत करता रहूं। मैं नेट्स में बल्लेबाजी पर भी काफी काम कर रहा हूं। टीम की योजना मुझे नंबर आठ के आसपास बल्लेबाजी के लिए उतारना है।

भारतीय टीम पहले एकदिवसीय में जब लगातार विकेट गिरने के बाद दबाव में आयी थी तब राणा को नंबर सात पर भेजा गया। सुंदर को लगी चोट की वजह से बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया गया था। ऐसे में राणा ने 23 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाए। इस पारी से भारतीय टीम जीत आसान रही।

# युवराज से बल्लेबाजी के टिप्स ले रहे सैमसन

नई दिल्ली। विकेटीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप से पहले अपनी बल्लेबाजी निखारने के लिए आजकल ऑलराउंडर युवराज सिंह से टिप्स ले रहे हैं। सैमसन को टी20 विश्वकप में अवसर मिला है और उनका लक्ष्य उसमें बेहतर प्रदर्शन करना है। वहीं युवराह संन्यास के बाद से ही कोचिंग दे रहे हैं और उनके यहां से निकले क्रिकेटर काफी बेहतर बनकर उभरे हैं। आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और भारतीय टेस्ट व एकदिवसीय टीम के कप्तान शुभमन गिल को भी युवराज ने ही तैयार किया है। अब एक नया वीडियो सोशल मीडिया में आया है।



इसमें युवराज सैमसन को बल्लेबाजी टिप्स देते दिख रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि सैमसन बड़े ही ध्यान से युवराज की बातों को सुन रहे हैं। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि युवराज काफी देर तक सैमसन से बात कर रहे हैं और अपने हाथों से संकेत कर उन्हें किसी विशेष शॉट के बारे में समझा रहे हों। सैमसन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। ऐसे में उनके लिए युवराज से बल्लेबाजी के टिप्स लेना फायदेमंद साबित हो सकता है। भारतीय टीम को टी20 विश्व कप 2026 से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। सैमसन इस सीरीज में अभिषेक के साथ करेंगे। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता कई बार साबित कर चुके हैं। सैमसन की टाइमिंग अच्छी है जिसके आधार पर वह तेज पारियां खेलते हैं पर उनके फुटवर्क में कमी है जिससे उन्हें कई बार नुकसान भी हुआ है। ऐसे में युवराज के टिप्स से उनकी परेशानी कम हो सकती है। सैमसन ने 52 टी20 मैचों की 44 पारियों में 4 बार नाबाद रहते हुए 3 शतक और 3 अर्धशतक की मदद से 1032 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 111 है।

# वाशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बचे हुए दो मैचों से बाहर हुए

वडोदरा। भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर पसली में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के साथ जारी एकदिवसीय सीरीज के बचे हुए दोनो मैचों से बाहर हो गये हैं। इसके अलावा उनका अगले माह टी20 विश्वकप में भी खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। सुंदर को पसली में ये चोट पहले एकदिवसीय में फील्डिंग के दौरान लगी थी। इसी कारण वह बीच में ही मैदान से बाहर चले गये थे। बाद में हालांकि वह आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे पर तब भी सहज नहीं दिखे। वह तेजी से रन नहीं ले पा रहे थे।

वहीं बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि सुंदर को



उनकी बाईं पसली के निचले हिस्से में दर्द के कारण सीरीज से बाहर किया गया है। मैच के बाद कप्तान शुभमन गिल ने भी कहा था स्कैन की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि वह कब वापसी कर पायेंगे। वहीं, लोकेश राहुल ने भी मैच के बाद कहा कि उन्हें मैदान पर सुंदर की स्थिति का अंदाजा नहीं था। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता था कि वह दौड़ नहीं सकता। मुझे पता था कि पहली पारी में उसे कुछ परेशानी थी, लेकिन मुझे ये नहीं पता था कि उसे इतना दर्द है।

सुंदर को स्पिन ऑलराउंड के तौर पर टी20 विश्व कप 2026 के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी माना जा रहा था पर अब उनका खेलना तय नहीं है। पावरप्ले में गेंदबाजी के साथ ही उनका ऑफ-स्पिनर होना टीम के लिए उपयोगी रहा है। ऐसे में भारतीय टीम प्रबंधन उम्मीद करेगा कि वह विश्वकप से पहले फिट हो जाएं। वहीं न्यूजीलैंड के बचे हुए दो मैचों में सुंदर की जगह किसे शामिल किया जाएगा।

## विराट ने अर्धशतक के साथ ही बनाये कई रिकार्ड

वडोदरा। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ ही कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। विराट ने इस मैच में पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाकर 93 रन बनाये पर वह शतक नहीं बना पाये। विराट ने इस मैच में 25 रन बनाने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 28000 रन पूरे किये। विराट ने सबसे कम पारियों में ये आंकड़ा हासिल कर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। विराट अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में सचिन के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कुमार संगकारा का रिकॉर्ड तोड़ा।



कोहली ने सचिन, रिकी पोंटिंग और जो रूट के विशिष्ट क्लब में जगह बना ली है। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन हजार से अधिक रन बनाने वाले पांचवे बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली ने कीवी टीम के सामने 71 पारियों में 3020 रन बनाये हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे अधिक रन का रिकॉर्ड सचिन के नाम है। उन्होंने 80 पारियों में 3345 रन जोड़े। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने 77 पारियों में 3145 रन जबकि इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज रूट ने 71 पारियों में 3097 रन बनाये हैं। सूची में चौथे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर जैक्स कैलिस हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 76 पारियों में 3071 रन बनाये हैं।

# सोफी डब्ल्यूपीएल में एक ही ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं

नई दिल्ली। गुजरात जायंट्स की सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट (डब्ल्यूपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ के चौथे मुकाबले में एक ही ओवर में चार छक्के और दो चौके लगाकर 32 रन बनाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही सोफी डब्ल्यूपीएल में एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गयी हैं। उन्होंने इस ओवर में कुल 32 रन बनाये इससे ये लीग का सबसे महंगा ओवर बन गया है। इस मैच में गुजरात जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बेथ मूनी और सोफी डिवाइन की आक्रामक बल्लेबाजी से अच्छी शुरुआत की।




सोफी ने केवल 25 गेंदों में ही अपने 50 रन पूरे कर लिए। ये लीग इतिहास का सबसे महंगा ओवर रहा है। वहीं इससे पहले दीप्ति शर्मा ने साल 2025 में यूपी वॉरियर्स की ओर से खेलते हुए आरसीबी के खिलाफ एक ही ओवर में 28 रन बनाये थे। वहीं एक ही ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी तनुजा कंवर हैं। तनुजा ने , साल 2023 में गुजरात जायंट्स की ओर से खेलते हुए आरसीबी के खिलाफ एक ही ओवर में 27 रन बनाये थे। इस मैच का पावरप्ले डब्ल्यूपीएल इतिहास का दूसरा सबसे महंगा पावरप्ले था। इससे पहले साल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ पावरप्ले में ही 87 रन बना दिये थे।

# नंदिनी डब्लयूपीएल में हैट्रिक लगाने वाली दूसरी भारतीय बनीं

नई दिल्ली। यहां जारी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट में दिल्ली कैपिटल्स की तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने गुजरात जाइंट्स के खिलाफ हैट्रिक लगाने के साथ ही रिकार्ड बना दिया। इसी के साथ ही नंदिनी इस लीग में लगातार तीन विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बन गयी हैं। नंदिनी ने लगातार तीन गेंदों पर तीन कनिका आहूजा, राजेश्वरी गायकवाड़ और रेणुका सिंह के विकेट लिए। यह टूर्नामेंट के इतिहास में कुल मिलाकर चौथी हैट्रिक है। वह टूर्नामेंट के इतिहास में पांच विकेट लेने वाली पहली अनकैप्ड खिलाड़ी हैं।

नंदिनी से पहले इस्सी वोंग (मुंबई इंडियंस), ग्रेस हैरिस (यूपी वॉरियर्स) और दीप्ति शर्मा (यूपी वॉरियर्स) ने हैट्रिक लगायी है। नंदनी ने घरेलू प्रतियोगिताओं में चंडीगढ़ महिला टीम और इंटर-




जोनल मैचों में नॉर्थ जोन महिला टीम की ओर से खेला है।

दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें नीलामी में 20 लाख रुपये में खरीदा था। हैट्रिक पूरी करने के बाद नंदिनी ने कहा कि कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स और शेफाली वर्मा ने उनका हौंसला बढ़ाया था जिससे उन्हें ये सफलता मिली है। नंदिनी ने कहा कि उसका लक्ष्य विकेट पर गेंदबाजी करना था जिससे उसे सफलता मिली।

# संकल्प से समाधान अभियान के 106 योजनाओं और सेवा का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले-कलेक्टर

## टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। 12 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम जिले के नगरीय क्षेत्रों में पेयजल प्रदाय की समीक्षा की गई। इस दौरान जिले के नगरीय निकायों से जल प्रदाय करने वाली टंकियों की सफाई, पाईप लाइन के लिकेज, पानी के क्लोरिनेशन की जानकारी ली गई। इस दौरान कलेक्टर मीना ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में जल प्रदाय करने वाली टंकियों की नियमित रूप से सफाई की जाए और टंकियों पर सफाई करने की तारीख और समय अनिवार्य रूप से लिखा जाए। जहां कहीं पर भी पाईप लाइन में लिकेज पाए गए है, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि नालियों के सीपेज का पानी पाईप लाइन में



न मिले। जिले के सभी नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में मंगलवार को जल सुनवाई करने के निर्देश दिये गए और इसके लिए वार्ड में स्थल निर्धारित करने कहा गया। जल सुनवाई में पेयजल संबंधी प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये गए।

12 जनवरी से जिले में प्रारंभ संकल्प से समाधान अभियान की चर्चा के दौरान कलेक्टर मीना ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में नियमित रूप से शिविर लगाकर शासन की योजनाओं से संबंधित पात्र ०?यक्तियों के आवेदन प्राप्त किये जाए। इस अभियान के अंतर्गत 20 विभागों के 106 योजनाओ एवं सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र ०?यक्ति तक पहुंचाना है। इस अभियान के अंतर्गत लगाये जाने वाले शिविरों की जानकारी 13 जनवरी से ऑनलाइन हो जाना चाहिए और उसमें प्राप्त होने वाले आवेदनों की संख्या एवं निराकरण की स्थिति दिखना चाहिए। शिविर में सभी 106 योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त करना है और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नही रहना चाहिए।

बैठक में आगामी 15 जनवरी को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली गई और कांफ्रेंस के एजेंडा के अनुसार योजनाओं के लक्ष्य पूर्ण कर जानकारी प्रस्तुत करने कहा गया। बैठक में सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई और उनका त?वरित निराकरण करने के निर्देश दिये गए। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि जिन किसानों के स्लॉट बुक हो चुके है उनकी खरीदी के लिए बारदानों की कमी नही होना चाहिए। जिन केंद्रो पर बारदाने नही है वहां शीघ्रता से बारदाने पहुंचाने के निर्देश दिये गए।

बैठक में वारासिवनी तहसील के अंतर्गत बरबसपुर से आमगांव सड़क का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा 02 साल से नही किये जाने पर वारासिवनी एसडीएम को इसकी जांच करने के निर्देश दिये गए। बालाघाट में गर्रा रोड पर एवं वारा-वारासिवनी में बन रहे रेल ओव्हरब्रिज का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के विरूद्ध चयनित आवेदकों को शीघ्रता से ज्वाईन कराया जाए। ज्वाईन कराने में किसी भी तरह की अनियमितता की शिकायत नही आना चाहिए।

# कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर नहलेसरा चेक पोस्ट पर पकड़ाए ट्रक

## बिहार से आया दो ट्रक धान जब्त

पद्मेश न्यूज। कटंगी। बिहार राज्य से धान लेकर कटंगी की तरफ आ रहे दो ट्रकों को नहलेसरा चेक पोस्ट पर जप्त कर लिया गया है। दोनों ट्रक जिले की राइस मिलों की ओर जा रहे थे। दस्तावेजों की जांच में धान उपार्जन केंद्रों में अनाधिकृत रूप से विक्रय किए जाने की आशंका व्यक्त की गई। जिसके बाद जिला कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। रविवार की शाम करीब 8 बजे यह कार्रवाई की गई। कनिष्ठ खाद अधिकारी तुषार सिंह ने बताया जांच के दौरान नहलेसरा चेकपोस्ट पर दो ट्रक भारी मात्रा में धान परिवहन करते हुए पकड़े गए। पहला ट्रक क्रमांक बी आर 01 जीएच 8142, जिसमें 30 हजार 575 किलोग्राम मोटा धान लोड पाया गया, जिसे चालक मुन्ना सिंह द्वारा परिवहन किया जा रहा था। वहीं दूसरा ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीटी 1703, जिसमें 35 हजार 435 किलोग्राम मोटा धान लोड पाया गया, जिसे




चालक ईसाम मोहम्मद चला रहा था। यह दोनों ट्रक साकेत फूड और पटेल राइस मिल आ रहे थे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटंगी के मौखिक निर्देशानुसार दोनों ट्रकों को धान सहित नहलेसर्रा वनोपज जांच चौकी पर खड़ा कराकर अभिरक्षा में लिया गया है।बता दे कि खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पंजीकृत किसानों से धान उपार्जन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के नहलेसर्रा कटंगी चेकपोस्ट/बैरियर पर अन्य राज्यों एवं जिलों से आने वाले धान से लदे वाहनों की सघन जांच की जा रही है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कलेक्टर बालाघाट एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटंगी के आगामी निर्देश प्राप्त होने के बाद ही धान से लदे इन ट्रकों को अभिरक्षा से मुक्त किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

# जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने समाजों व सेवा प्रदाताओं का योगदान का महत्व

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे माह में बालाघाट जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु समाजों एवं सेवा प्रदाताओं द्वारा संयुक्त रूप से अपील की गई। अभियान के तहत धार्मिक स्थलों एवं विवाह से जुड़े सेवा प्रदाताओं को विशेष रूप से शामिल किया गया है।

अभियान के अंतर्गत मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारे सहित वेडिंग हॉल, बैंड पार्टी, डीजे, कैटरर एवं टेंट हाउस जैसे सेवा प्रदाताओं को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता फैलाने हेतु शासन द्वारा निर्देश प्राप्त हुए हैं। धार्मिक स्थलों पर प्रवचन एवं चर्चाओं के माध्यम से बाल विवाह रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं, क्योंकि विवाह व्यवस्था एवं सामाजिक मूल्यों पर धर्मगुरुओं और संस्थाओं का विशेष प्रभाव होता है। कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशन तथा प्रशासक रचना चौधरी के मार्गदर्शन में विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों एवं सेवा प्रदाताओं ने जनसमुदाय से अपील की। बौद्ध समाज के जिला अध्यक्ष सचिन मेश्राम, लोधी समाज अध्यक्ष प्रकाश बनोटे, मरार माली समाज से जी. एल. सिंगनधुपे, क्षत्रिय पवार समाज संगठन के अध्यक्ष सुशील गौतम, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस बैहर के मैनेजर नसीम खान एवं होटल ग्रेंड वारिस के प्रबंधक श्री शादाब ने बाल विवाह रोकने हेतु सहयोग की अपील की।




सभी वक्ताओं ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कानूनन दंडनीय अपराध है। इसमें सहयोग या प्रोत्साहन देने वालों के विरुद्ध जुर्माना एवं कारावास का प्रावधान है। किसी भी प्रकार की सूचना या संदेह की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 112 अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना देने की अपील की गई। इस अभियान में वन स्टॉप सेंटर बालाघाट एवं बैहर से श्रीमती गायत्री स्वामी, श्रीमती प्रीति हरिनखेड़े (केस वर्कर) तथा पुलिस विभाग से श्रीमती रेहाना खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने मिलकर बालाघाट जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने हेतु हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया।

# हुड़केश्वर महादेव पहाड़ी में हुआ अनुभूति कार्यक्रम

पद्मेश न्यूज। कटंगी। किताबी ज्ञान के साथ वन, वन्य प्राणी और पर्यावरण का प्रत्यक्ष अनुभव कराने के लिए तिरोड़ी तहसील के ग्राम महकेपार, कोसुंबा, परसवाडाघाट हाईस्कूल के विद्यार्थियों को अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को महकेपार हुड़केश्वर महादेव पहाड़ी का शैक्षणिक भम्रण करवाया गया। मध्य प्रदेश ईको-पर्यटन बोर्ड और वन विभाग के साझा अनुभूति कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को जंगल का भम्रण करवाया गया। सुबह 09 बजे सभी विद्यार्थी अलग-अलग टीमों के साथ ट्रेल वॉक पर रवाना हुए। जहां विद्यार्थियों ने प्रकृति का आनंद लेते हुए जंगल में मौजूद पेड़-पौधों, औषधियों, प्राकृतिक पथ, जैव विविधता, वन्य प्राणियों की मौजूदगी के साक्ष्य के बारे में जानकारी हासिल की। विद्यार्थियों का भम्रण के दौरान प्रकृति के प्रति बेहद जुड़ाव देखने को मिला। 'मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव, हम हैं धरती के दूत' की थीम पर इस वर्ष




अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ट्रेल वॉक के लौटने के बाद प्रश्नोत्तरी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बालक वर्ग में सत्यम बोपचे, डेविड उचबगले, आयुष सोनवाने ने क्रमश पहला, दूसरा और तीसरा हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में राशि पटले और पूर्वा बोपचे ने स्थान हासिल किया।

अनुभूति कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, लघुवनोपज संघ जिलाध्यक्ष रामेश्वर बिसेन, प्रशिक्षु आईएफएस जितेन्द्र कुमार मीणा, जनपद सदस्य विनोद पंचभाई, अरविंद देशमुख, योगेश सोनवाने, सुखदेव सलामे, शरद सहारे, आशिफ खान, संजय गोपाले, किशोर उइके, मोरेश्वर बाघमारे बतौर अतिथि के रुप में शामिल हुए। कार्यक्रम में ज्ञानचंद शर्मा, सुरेन्द्र वड़ीचार और महेन्द्र ढवरे अनुभूति प्रेरण के रुप में शामिल हुए। विधायक ने विद्यार्थियों से कहा कि मध्यप्रदेश का वन क्षेत्र देश में सबसे अधिक विस्तृत है। यहां वनों को प्रकृति ने अकूत सम्पदा का वरदान से समृद्ध किया है। प्रदेश में मनुष्य के साथ ही सम्पूर्ण जीव-जगत को अपना कुटुम्ब माना है और मध्य प्रदेश गान इसका उदाहरण है। हमारे यहां केवल ईश्वर को ही नहीं बल्कि वनों, पहाड़ों और नदियों को पूजा जाता है। पूर्वजों की इस परंपरा को अक्षुण्ण रखने के लिए जैव-विविधता संरक्षण के प्रयासों से आने वाली पीढ़ियों के लिये वन जीवन को सहेजकर रखना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।

आईएसस जितेन्द्र कुमार मीणा ने विद्यार्थियों से कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपको प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूक करना, उन्हें जंगल के निकट रहने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और उचित सावधानियों के बारे में शिक्षित करना है, साथ ही इस बात पर विशेष जोर देना है कि वन्य क्षेत्र और उनमें रहने वाले जीव-जंतु हमारे अस्तित्व के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि कटंगी वन क्षेत्र में टाइगर भी है यह बेहद सौभाग्य की बात है। हमें अपने वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए सतत प्रयास करने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमें एक बात सदैव याद रखनी है। वन, वन्य प्राणी हमारे मित्र है। इस अवसर पर वन क्षेत्रपाल बाबुलाल चढ़ार, उपवन क्षेत्रपाल ओम प्रकाश जगने, वनपाल सतीश उइके, वनरक्षक दीपक माली और तीनों ही स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कहा कि अनुभूति कार्यक्रम में हम सभी को बहुत अच्छा महसूस हुआ। हम लोगों को वन्य जीवों और उनके संरक्षण के बारे में बहुत सी रोचक जानकारियां दी गई। विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं के पद चिन्ह वगैरह हमें दिखाए गए और बहुत अच्छे से हमें समझाया गया।

## किरनापुर टेंट एसोसिएशन का नववर्ष वार्षिक मिलन समारोह आज

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी टेंट एसोसिएशन किरनापुर का वार्षिक मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन आज 13 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे से पवार मंगल लॉन किरनापुर मे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के समस्त सदस्यों से परिवार सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील टेंट एसोसिएशन किरनापुर तहसील शाखा अध्यक्ष कृष्णा नागवंशी ने की है।

## श्रमोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026-27, कक्षा 6वीं से 9वीं में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा प्रदेश के पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। यह विद्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में संचालित हैं।

जिला श्रम पदाधिकारी श्री मयंक दीक्षित ने बताया कि कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की प्रक्रिया 20 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होकर 20 जनवरी 2026 तक चलेगी।

# लामता महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

## हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का दिया गया संदेश

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। शासकीय महाविद्यालय लामता में 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुनीता वैद्य के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया, जिसका अभ्यास क्रीड़ा अधिकारी प्रवेश यादव द्वारा कराया गया। इसके पश्चात रन फॉर स्वदेशी का आयोजन किया गया, जिसमें हम सबने ठाना है, स्वदेशी अपनाना है और हर घर स्वदेशी का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस उन युवाओं को समर्पित है जो भारत को बेहतर भविष्य देने की क्षमता रखते हैं। स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं का मार्गदर्शन करते हैं।

रेड रिबन क्लब की गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर, रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं में 12 अगस्त अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस एवं 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस पर सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. सुंदर बिसेन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए पथप्रदर्शक हैं, जिन्हें जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




### सांदीपनि विद्यालय परसवाडा में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित

सांदीपनि विद्यालय परसवाडा में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार एवं योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात प्रात: 9=30 बजे रेडियो प्रसारण के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के शिकागो में दिए गए प्रेरणादायी भाषण एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश समस्त अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा श्रवण किया गया। रेडियो प्रसारण के साथ ही सभी की सहभागिता से सूर्य नमस्कार किया गया।

कार्यक्रम के दौरान योग शिक्षक पी.एस. ठाकरे (सेवानिवृत्त प्रधान पाठक) एवं योग समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके उपरांत रन फॉर स्वदेशी के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की दौड़ आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्राचार्य एस.के. मानेश्वर के मार्गदर्शन में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी उपस्थितजनों को स्वल्पाहार का वितरण किया गया।

### पीजी कॉलेज बालाघाट में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वदेशी संकल्प दौड़

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के तहत स्वदेशी संकल्प दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती मौसम हरिखेड़े रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे द्वारा प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती मौसम हरिखेड़े ने हरी झंडी दिखाकर स्वदेशी संकल्प दौड़ का शुभारंभ किया। दौड़ में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्रीमती मौसम हरिखेड़े एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान से डाउनलोड पंजीकृत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी अनिल कुमार इरखड़े द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 150 प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. जे.पी.आर. कातुलकर, डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. एन.एम. कुरेशी, डॉ. योगेश, डॉ. एम.एस. मरकाम, डॉ. पारस ठाकरे, डॉ. तेजेन्द्र शिव, डॉ. पुष्पलता कमलेशिया सहित अन्य समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने युवाओं में स्वदेशी, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# पाली एकेडमिक इंस्टीट्युशन बिसोनी में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

पद्मेश न्यूज। लांजी। विकसखंड लांजी के अंतर्गत महाविद्यालय पाली एकेडमिक इंस्टीट्युशन बिसोनी (लांजी) मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस 12 जनवरी 2026 को सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्थापिका श्रीमती वंदना वैद्य, प्राचार्य बी.जे. लिल्हारे के द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी केछायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ मध्यप्रदेश गान, राष्ट्रगीत के साथ किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय परीसर मे प्रात= 8=30 बजे से प्रारंभ किया गया जिसमें बी.एस.सी.बी.एड., बी.एड. और डी.एल. एड. के समस्त प्रशिक्षणार्थियों व प्राध्यापकों की उपस्थिति में संपन्न किया गया । महाविद्यालय के डी.एल.एड. से छात्र शाहिल नारनौरे कराटे प्रशिक्षक तथा योग शिक्षक के.के. उमरे के द्वारा भिन्न-भिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा उनसे होने वाले लाभ, विधि को समझाते हुए आसनों की उपयोगिता को बताया गया तथा प्राणायाम-योग करके सिखाते हुए अभ्यास करवाया गया जिसके अंतर्गत पद्मासन, भुजंगासन, चक्रासन, धनुरासन, पादपश्चितोसन और प्राणायम में उज्जायी प्राणायाम कपालभाती, अनुलोम-विलोम, इत्यादि का मधुर संगीत के साथ बारी-बारी से अभ्यास करवाया गया। समाज में जीवनशैली, योग, अनुशासन, तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित किया। साथ ही सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का चरणबद्ध तरीके से अभ्यास किया गया। स्वामी विवेकानंद जी की प्रेरक वाणी, माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश, सामूहिक सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापक सी.एस. मेश्राम द्वारा आभार प्रदर्शक किया गया। इस कार्यकम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य बी. जे. लिल्हारे एवं प्राध्यापकगण सी. एस. मेश्राम, आर.एस. नगपूरे, बी. सी. पटले, उमेन्द्र नागभिड़े, खेमेन्द्र उमरे, अजित बोरकर, गौरव भंडारकर, योगेश नंदनवार, राजेश गजभिये, संतोष बोरकर, संजय मेश्राम, जी. के. सोनवाने, श्रीमती कृष्णकली बडगैया एवं समस्त महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान उक्त कार्यक्रम के आयोजन में रहा।

# महाविद्यालय में साप्ताहिक जन जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वाधान में १२ जनवरी को न्यायाधीश सुश्री नेहा बाथरी द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड की अध्यक्षता में शासकीय शंकरसाव स्नातकोत्तर एवं विधि महाविद्यालय में साप्ताहिक जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं को बताया कि कानूनी साक्षरता शिविर युवाओं को कानूनी अधिकारों और जिम्मेदारियों से जोड़कर उन्हें जागरूक नागरिक बनाने का काम कर रहे हैं। साथ ही विधिक सहायता से संबंधित पीड़ित प्रतिकर योजना नि:शुल्क अधिवक्ता योजना एवं कमजोर वर्गों के लिये उपलब्ध कानूनी सहायता योजनाओं, लीगल डिफेंस काउंसिल के संबंध में उपस्थित छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। साथ ही युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव और उनसे बचाव, साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी, महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल अधिकारों जैसे बाल विवाह को रोकना और पर्यावरणीय संरक्षण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसी क्रम में घरेलू हिंसा से मोटर दुर्घटना अधिनियम, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों एवं लोक अदालत के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया। उक्त शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती सरिता कोल्हेकर, श्रीमती रक्षा निकोसे, अनिरूद्ध सिंह काकोड़िया, नरेन्द्र डोंगरे, संतोष त्रिवेदी, डी.एल. ऐड़े, श्री मण्डाले सहित छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रहकर



## न्यूज गैलरी

### साईं पालकी शोभायात्रा में चाकू लगने से युवक घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर में साईं पालकी रैली में नाचने गाने के दौरान चाकू लगने से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक मनीष पिता ज्ञानदास मानेश्वर 21 वर्ष वार्ड नंबर 8 हीरापुर थाना भरवेली निवासी है।जिसका इलाज जिला अस्पताल में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष मानेश्वर पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है। 11 जनवरी की रात्रि 9ः00 बजे साईं पालकी नगर के काली पुतली चौक से मेंन रोड से गुजरते हुए दरगाह पहुंची थी। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति का चाकू नाचने समय मनीष मानेश्वर के बाए कंधे में लग गया। चाकू कंधे से खून निकलने लगा था। मनीष मानेश्वर को उसके दोस्त संजय सहारे ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल लाया। जहां उसका इलाज किया गया।

### जेसीबी मशीन मोटरसाइकिल से टकराई-युवक घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बैहर रोड भरवेली के पास स्थित बड़ा देव मंदिर के पास जेसीबी मशीन मोटरसाइकिल से टकरा गई इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक नीतू पिता विष्णु धुर्वे 20 वर्ष वार्ड नंबर 1भरवेली निवासी घायल हो गया। जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। जानकारी के मुताबिक 11 जनवरी की रात्रि 8ः00 बजे नीतू धुर्वे मोटरसाइकिल में किसी काम से आंवलाझरी गया था और आंवलाझरी से अपना काम निपटाना के बाद नीतू धुर्वे मोटरसाइकिल में अपने घर भरवेली लौट रहा था तभी बैहर रोड भरवेली के पास स्थित बड़ा देव मंदिर के पास सामने से आ रही जेसीबी मशीन मोटरसाइकिल से टकरा गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार नीतू धुर्वे घायल हो गया जिसे डायल 112 से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।

## क्षेत्र भर में घटती आर्द्र भूमि और सूखे वृक्षों की कमी से जैव विविधता को भयंकर खतरा

# बालाघाट : संकट में हैं सारस, बगुले, बत्तख और टिटहरी!

*एक्सक्लुसिव रिसर्च रिपोर्ट*
*पद्मेश न्यूज। बालाघाट।*






***बालाघाट जिले की आबोहवा से एक बेहद चिंतित करने वाली खबर है. वह यह कि यहाँ संकट में सारस, बगुले, बत्तख और टिटहरी जैसे जलीय पक्षी आ गए हैं। बालाघाट जिले में आद्र भूमि का विकास करना होगा। सूखे वृक्षों के संरक्षण के लिए विशेष कार्य योजना बनानी होगी क्योंकि जलीय पक्षियों के लिए आवश्यक यह दोनों तेजी से प्राकृतिक आवास परिदृश्य से खत्म हो रहें हैं। सिमटती आद्र भूमि और सूखे वृक्षों की तेजी से कम होती संख्या अब पक्षी वैज्ञानिकों में चिंता का विषय बन रही है क्योंकि इन दोनों की ताजा स्थितियां जलीय पक्षियों के लिए अस्तित्व संकट की वजह बन रहीं हैं। कारगर और प्रभावी कार्य योजना पर गंभीरता के साथ काम करने की जरूरत समझी जा रही है।***

### *आर्द्र भूमि क्या और क्यों ?*

*आर्द्र भूमि वह क्षेत्र है, जिनमें पूरे साल जल जमाव रहता है। इनमें तालाब, झील, जलाशय, नदी तट, कृत्रिम जल ग्रहण क्षेत्र और दलदल मुख्य हैं। यह सभी जलीय और स्थलीय पारिस्थितिकी के बीच सेतु का काम करते हैं। पक्षियों के लिए इनका महत्व इसी से जाना जा सकता है कि इन्हीं क्षेत्रों से पक्षियों को भोजन उपलब्धता सुनिश्चित होती है। यह सब, अब शहरीकरण, औद्योगिकीकरण और बेजा बसाहट की वजह से सिमटते जा रहे हैं। इससे पक्षियों का आवास खत्म हो रहा है। तालाब पाटे जा रहे हैं, नालों पर बस्तियाँ बसाई जा रहीं है. नदियाँ समय पूर्व सूख रहीं है।*

### *यह वृक्ष- भूख मिटाते हैं*

*जामुन और बरगद के वृक्षों में लगने वाले फल पक्षियों की लेकिन तेजी से यह हो रहे हैं । पीपल और अर्जुन के वृक्ष घने होते हैं इसलिए पक्षी इनमें अपने स्थाई घोसला बनाते हैं। नम भूमि से यह प्रजातियां भी अब गायब हो रहीं हैं। कदंब और करंज छाया देने वाले वृक्षों की सूची में सबसे आगे हैं। विश्राम और छाया देने वाली यह दोनों प्रजातियां भी संरक्षण मांग रहीं हैं। इमली, आंवला और बेर के वृक्षों का भी संरक्षण आवश्यक माना जा रहा है।*

*जरूरत वनस्पति प्रबंधन की आद्र भूमि में संतुलित वनस्पति प्रबंधन बेहद आवश्यक है क्योंकि यह भी प्रवासी और स्थानीय पक्षियों को आहार उपलब्ध करवाते हैं। पक्षी वैज्ञानिकों ने जलीय पौधों में कमल, सिंघाड़ा और हाइड्रिला को एकदम सही माना है। वनस्पति के रूप में सरकंडा और नरकट को उचित पाया है। जबकि तटीय घास के रूप में कांस और दूब ऐसी प्रजातियां हैं, जो पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करतीं हैं।*

### *वृक्ष है प्राकृतिक संतुलन की रीढ़*

*आर्द्र भूमि के आसपास उगने वाले वृक्ष पक्षी संरक्षण, जल संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन की रीढ़ होते हैं। अर्जुन, जामुन, कदम्ब, फाइकस समूह, करंज और बाँस जैसी प्रजातियाँ आर्द्रभूमि को जीवंत बनाए रखती हैं। सही वृक्ष चयन और वैज्ञानिक रोपण से आर्द्रभूमियाँ पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल बन सकती है।*

## समनापुर के ठाकुर टोला में जंगली सूअर का मांस पकाते तीन आरोपी गिरफ्तार

### वन विभाग की बड़ी छापामार कार्रवाई

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** वन परीक्षेत्र दक्षिण लामता (सामान्य) अंतर्गत परिक्षेत्र सहायक वृत्त समनापुर के ग्राम ठाकुरटोला में वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगली सूअर का मांस पकाते हुए तीन व्यक्तियों को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि ग्राम ठाकुरटोला में कुछ लोग अवैध रूप से जंगली सूअर का मांस पका रहे हैं। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने छापा मारकर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किये।गिरफ्तार आरोपियों में रामदास पिता भाऊ दास बागडे,दुरजन पिता झाडूलाल कुमले हंसलाल पिता महेतर कुमले शामिल हैं। आरोपियों के घर से जंगली सूअर का मांस जप्त किया गया। वन विभाग द्वारा आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए पीओआर क्रमांक 2738/74 दिनांक 11/01/2026 जारी की गई। इसके पश्चात आरोपियों को जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक अधिकारी समनापुर कंचन खंडागले के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में वनरक्षक तुलसीदास तिवारी, देवांशु कुमार यादव, नीरज खटीक, राजा मेरावी, दीपक सेंगर, वाहन चालक साजिद कुरैशी, सुरक्षा श्रमिक कृष्ण मुरारी कुतराहे, योगेश पिछोड़े, रमेश बनोटे एवं बस्ताराम शामिल रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही।वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वन्यजीवों के संरक्षण में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें।



## ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बैगा जनजाति के खिलाड़ियों ने उत्साह से लिया भाग

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** आगामी 17 एवं 18 जनवरी को प्रगति मैदान मलाजखंड में आयोजित होने वाले बैगा महोत्सव 2026 के लिए ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगितायें 12 जनवरी को सम्पन्न हो गई है। इन प्रतियोगिताओं में बैगा जनजाति के खिलाड़ियो ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया है। प्रतियोगिताओं के दौरान विभिन्न खेलों में खिलाडि़यों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर पारंपरिक उत्साह, अनुशासन और आपसी भाईचारे का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थल बैहर विकासखंड में खेल परिसर मैदान, बिरसा विकासखंड में शासकीय कन्या उमावि, बिरसा का खेल मैदान एवं परसवाड़ा विकासखंड में शासकीय कन्या उमावि, परसवाड़ा के खेल मैदान में आयोजित की गई। 17 जनवरी को विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि 18 जनवरी को प्रगति मैदान, मलाजखंड में भव्य फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा। बैगा महोत्सव के माध्यम से जिले में खेल, संस्कृति और सामुदायिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यह महोत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक समरसता को भी सशक्त बना रहा है।



## कंजई उपार्जन केंद्र के तीन कर्मचारी निलंबित

### धान की खरीदी में अनियमितता किये जाने पर प्रशासन सख्त

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अनियमितता किये जाने पर लालबर्रा तहसील के अंतर्गत उपार्जन केंद्र कंजई के 03 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही धान खरीदी में हुई अनियमितता के कारण शासन को हुई क्षति की राशि इन निलंबित कर्मचारियों के वेतन से वसूल करने के आदेश दिये है।



धान उपार्जन केंद्र कंजई में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनिल किरार, वेयर हाउस प्रबंधक आरके पटले, सहकारिता विभाग के उपअंकेक्षक अतुल राय की टीम द्वारा 10 जनवरी को कंजई के उपार्जन केंद्र जाकर जांच की गई। जांच के दौरान भौतिक सत्यापन में केंद्र में 57 क्विंटल धान अधिक पाया गया। केंद्र में तौल कर रखी गई बोरियों में स्टेंसिल एवं किसान कोड नही पाया गया। केंद्र में अमानक स्तर की धान खरीदा जाना पाया गया। केंद्र में किसानों द्वारा लायी गई धान की ढ़ेरी न लगाकर बोरी से बोरी में धान पलटना पाया गया। 09 जनवरी 2026 को जारी तौल पर्ची में से 04 किसानों की धान पोर्टल पर नही चढ़ाई गई थी। खरीदी केंद्र में धान के परिवहन में भी गड़बड़ी किया जाना पाया गया। परिवहन के लिए लगे वाहनों से पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर धान का उठाव नही कराया गया है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सेवा सहकारी समिति कंजई के प्रबंधक बाबुलाल ठाकरे, उपार्जन केंद्र प्रभारी खूबचंद एड़े एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर गणेश शरणागत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। धान खरीदी केंद्र में की गई अनियमितता से शासन को हुई क्षति की राशि इन निलंबित कर्मचारियों के वेतन से वसूल करने के आदेश दिये गए है।

## चौपहिया की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर के समीप बैहर रोड स्थित संविधान चौक के आगे शनिवार शाम एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक संजू पिता दिनेश लिल्हारे 21 वर्ष वार्ड नंबर 6 ग्राम टवेझरी थाना भरवेली निवासी है जिसका उपचार जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजू लिल्हारे टवेझरी निवासी भरवेली माइंस में कार्यरत है। शनिवार 11 जनवरी की शाम वह अपने बुआ के लड़के उदय लिल्हारे के साथ मोटरसाइकिल से सब्जी खरीदने बालाघाट आया था। सब्जी खरीदने के बाद दोनों शाम करीब 6 बजे मोटरसाइकिल से अपने गांव टवेझरी लौट रहे थे।इसी दौरान बैहर रोड पर संविधान चौक के आगे नहर के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक फोर व्हीलर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गए। हादसे में संजू लिल्हारे घायल हो गये जबकि उदय लिल्हारे को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना के बाद संजू लिल्हारे ने अपने मित्र खिलेंद्र नगपुरे को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंचे खिलेंद्र नगपुरे ने संजू को मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया।

### सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार गंभीर घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के वारासिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दीनी और भांडी के बीच रविवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति राजेश पिता प्यारेलाल धुवारे 37 वर्ष वार्ड नंबर 13 गंगानगर बूढ़ी बालाघाट निवासी है।जिन्हें जिला अस्पताल बालाघाट में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश धुवारे गंगानगर, बूढ़ी निवासी 12 जनवरी की सुबह करीब 7 बजे मोटरसाइकिल से सब्जी खरीदने ग्राम लिंगमारा गए थे। सब्जी खरीदने के बाद वह अपने घर गंगानगर, बूढ़ी बालाघाट लौट रहे थे।इसी दौरान ग्राम दीनी और भांडी के बीच किसी अज्ञात कारण से उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे राजेश धुवारे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।




पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट